दैनिक
CIN-No-UT4999RJ2020PTC0679
UN NO-200022186
राजस्थान, दिल्ली, छत्तीसगढ़ से एकसाथ प्रकाशित
Tital Code:RAJHIN27921

# मरुधर विशेष



Marudharvishesh@gmail.com मो.7014373732
वर्ष: 01 | अंक: 148 | जयपुर | 7 जनवरी 2023 | शनिवार | मूल्य: रु. 5 | पृष्ठ: 04

## नगर निगम कमिश्नर पर नाराज हुए सीएम गहलोत



उदयपुर. मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने शुक्रवार को उदयपुर के सर्किट हाउस में जनसुनवाई की। इस दौरान सीएम गहलोत नगर निगम कमिश्नर हिम्मत सिंह बाहरठ पर नाराज हुए। उन्हें मौके पर बुलाया। शिकायतकर्ता के सामने जवाब तलब किया। दरअसल, शिकायतकर्ता ओमप्रकाश राठौड़ ने सीएम को शिकायत की थी कि पटवारी कॉलोनी स्थित उसके आवास पर कोर्ट स्टे होने के बावजूद नगर निगम ने तोड़फोड़ कर दी। बड़ा खड्डा खोद दिया। जबकि संभागीय आयुक्त ने भी इस पर स्टे दे रखा है। इस पर सीएम गहलोत ने वहां मौजूद संभागीय आयुक्त राजेन्द्र भट्ट को पूछा क्या स्टे दिया हुआ है? फिर तुरंत निगम कमिश्नर बाहरठ को बुलाया गया। सीएम ने कमिश्नर से एक ही सवाल तीन बार पूछा कि स्टे के बावजूद तोड़फोड़ क्यों की गई। दबी जुबान से कमिश्नर कुछ बोले, लेकिन आवाज नहीं आने पर सीएम बोले थोड़ा जोर से बोलो। इसके बाद कमिश्नर पर नाराजगी जताते हुए इस पूरे मामले की जांच के लिए कलेक्टर ताराचंद मीणा को निर्देश दिए। जनसुनवाई में कांग्रेस पार्षद अरुण टांक ने अम्बेरी में यूआईटी द्वारा दिए गए पट्टे का मुद्दा उठाया। मामले में जांच कराने का निवेदन किया। सर्किट हाउस में बड़ी संख्या लोग सीएम को बिजली, पानी व सड़क सहित कई समस्याएं बताने पहुंचे। इस साल चुनावी वर्ष होने से लम्बे समय बाद इस तरह जनसुनवाई देखी गई। करीब एक घंटे तक सीएम ने हर व्यक्ति की समस्याएं सुनी। जनसुनवाई के बाद सीएम गहलोत वल्लभनगर विधायक प्रीति शक्तावत के निवास पर पहुंचे। यहां चाय पर मेवाड़ के वरिष्ठ नेताओं से राजनीतिक चर्चाएं की। गहलोत ने स्थानीय संगठन की सक्रियता और चुनावी तैयारियों को लेकर फीडबैक लिया। इस दौरान पूर्व केन्द्रीय मंत्री डॉ. गिरीजा व्यास, पूर्व सांसद रघुवीर मीणा, पूर्व मंत्री मांगीलाल गरासिया, पूर्व विधायक सज्जन कटारा, कांग्रेस नेता लालसिंह झाला और पंकज शर्मा मौजूद थे।

## जयपुर एयरपोर्ट से लड़कियों की तस्करी, 12 का रेस्क्यू

जयपुर. जयपुर एयरपोर्ट पर एक बार फिर ह्यूमन ट्रैफिकिंग (मानव तस्करी) का मामला सामने आया है। एयरपोर्ट से कुल 12 नेपाली लड़कियों को रेस्क्यू किया गया है। इन्हें अफ्रिका महाद्वीप के इथियोपिया ले जाया जा रहा था। दरअसल, एयरपोर्ट थाना पुलिस को नेपाल एंबेसी के जरिए इन लड़कियों के बारे में जानकारी



मिली थी। इसके बाद डीसीपी ईस्ट राजीव पचार ने शुक्रवार को एयरपोर्ट पर एक टीम तैनात की। टीम तत्काल प्रभाव से नेपाली लड़कियों से पूछताछ कर उन्हें थाने ले आई। इन लड़कियों ने बताया वह नेपाल से दिल्ली पैसा कमाने के लिए आईं थीं। उन्हें कुछ लोगों ने विदेश भेजने और वहां पैसा कमाने की बात कही। इस पर सब राजी हो गईं। सभी लड़कियां नेपाल के अलग-अलग जिलों की रहने वाली हैं। इन्हें अभी जयपुर के महिला निकेतन में रखा जाएगा, बाद में सीनियर ऑफिसर्स के साथ नेपाल भेज दिया जाएगा। एयरपोर्ट थाने के एसआई दिगपाल सिंह ने बताया जैसे ही उन्हें लड़कियों की तस्करी की जानकारी मिली, सादी वर्दी में पुलिस ऑफिसर एयरपोर्ट के आसपास तैनात किए गए। सभी लड़कियां अलग-अलग टैक्सी से अकेली एयरपोर्ट पहुंचीं। सभी से पूछताछ में पुलिस को ह्यूमन ट्रैफिकिंग की जानकारी मिली। लड़कियों के अकेले होने से पुलिस उन लोगों तक नहीं पहुंच पाई जो लोग इन्हें विदेश भेज रहे थे। एयरपोर्ट थाने के सब इंस्पेक्टर दिगपाल सिंह ने बताया यह लड़कियां हिंदी और इंग्लिश नहीं जानती हैं। इन लड़कियों को केवल नेपाली भाषा आती है, इसलिए एंबेसी से संपर्क कर रहे हैं। उन्हीं लोगों के डायरेक्शन पर इन लड़कियों का रेस्क्यू किया गया।

## जयपुर, जोधपुर और उदयपुर में 5जी की सर्विस शुरू

जयपुर. राजस्थान के तीन शहरों में शनिवार से रिलायंस जियो के उपभोक्ताओं को 5जी की सर्विस मिलने लगेगी। जयपुर, जोधपुर और उदयपुर में कंपनी 5जी शुरू करने जा रही है। इसमें 1000 एमबीपीएस की स्पीड तक मिलने का दावा कंपनी कर रही है। इस सर्विस का कल मुख्यमंत्री अशोक गहलोत लोकार्पण करेंगे। बता दें कि रिलायंस ने 22 अक्टूबर को राजसमंद के नाथद्वारा से 5जी सेवा की




शुरूआत की थी। उसी समय कंपनी ने नए साल से राजस्थान के प्रमुख शहरों में शुरू करने का घोषणा की थी। हालांकि इस सर्विस के शुरू होने से पहले 4जी उपभोक्ताओं में डेटा स्पीड कम होने की शिकायत बढ़ने लगी हैं। कंपनी का दावा है कि 5जी से उपभोक्ताओं को 1000 एमबीपीएस तक की स्पीड मिलेगी। इससे कोई भी उपभोक्ता 4 जीबी तक की फाइल डाउनलोड या अपलोड केवल 5 सेकेंड मे कर सकेगा। पिछले दिनों जब टेलीकॉम विभाग के अधिकारियों ने कंपनी की साइट्स का जायजा लिया, तब उन्हें वहां 1658 एमबीपीएस तक की अधिकतम मिली थी। टेलीकॉम सूत्रों के मुताबिक पिछले दिनों एयरटेल कंपनी ने भी जयपुर के कुछ एरिया में अपनी 5जी सर्विस का ट्रायल किया था।

# भ्रष्ट अफसरों का नाम और चेहरा छुपाने वाला ऑर्डर कैंसिल

जयपुर. भ्रष्टाचारियों का चेहरा और नाम छिपाने वाले एंटी करप्शन ब्यूरो के ऑर्डर को वापस ले लिया गया है। शुक्रवार शाम को एसीबी के डीजी हेमंत प्रियदर्शी ने नया आदेश जारी कर दिया है। हेमंत प्रियदर्शी ने 2 दिन पहले भ्रष्ट अधिकारियों-कर्मचारियों को ट्रैप करने के नाम-फोटो जारी नहीं करने के ऑर्डर जारी किए थे। एसीबी ने कोर्ट के फैसले को आधार बनाकर नाम और फोटो सार्वजनिक नहीं करने का आदेश दिया था। सुप्रीम कोर्ट ने कभी भ्रष्टाचारियों का नाम छिपाने का कोई आदेश जारी किया ही नहीं था। एसीबी के डीजी हेमंत प्रियदर्शी ने जिस आदेश का हवाला दिया था, सुप्रीम कोर्ट का वो ऑर्डर स्टडी किया था और इन्वेस्टिगेशन में सामने आया कि सुप्रीम कोर्ट ने कहीं नहीं कहा कि घूसखोर की पहचान छिपानी चाहिए। एसीबी के आदेश के खिलाफ खाद्य मंत्री प्रताप सिंह खाचरियावास ने कहा था मेरा यह मानना है कि डीजी ने एंटी करप्शन ब्यूरो का चार्ज लेते ही जो ऑर्डर निकाला, वह ऑर्डर रिजेक्ट होने वाला ही है। मैं उस ऑर्डर से सहमत नहीं हूं। कोई भी कांग्रेस का विधायक, मंत्री इस तरह की कार्रवाई का समर्थन नहीं करेगा। खुद मुख्यमंत्री अशोक गहलोत क्या इस तरीके के डीजी के ऑर्डर को मान सकते हैं?






खाचरियावास ने कहा था कि सरकार इस तरह के ऑर्डर के साथ नहीं है। यह बिल्कुल गलत है। हम कोई ऐसा काम नहीं करेंगे, जिससे हमारे पूरे किए हुए काम पर पानी फिर जाए, हमने कांग्रेस सरकार की नीयत आपको बता दी। अशोक गहलोत ने कहा कई मामले ऐसे होते हैं, जिसमें अफसर को झूठा फंसाया जाता है। उसे बदनामी का सामना नहीं करना पड़े, इसलिए ऐसा किया जा रहा है कि जब तक यह साबित न हो जाए कि उसने भ्रष्टाचार किया है, उसकी पहचान गुप्त रखी जाए। यह सुप्रीम कोर्ट के तीन जजों का फैसला है।

# सतीश पूनिया के नेतृत्व में पार्टी ने अच्छा काम किया: महामंत्री तरुण चुघ

जयपुर. राजस्थान बीजेपी में किसी तरह का बदलाव नहीं किया जाएगा। जो कार्यकर्ता जैसे काम कर रहा है। वह आगे भी वैसे ही काम करता रहेगा। यह दावा किया है बीजेपी के राष्ट्रीय महामंत्री तरुण चुघ ने, जो शुक्रवार को जयपुर में जनआक्रोश सभा को संबोधित करने के लिए पहुंचे थे। इस दौरान बीजेपी कार्यालय में मीडिया से मुखातिब होते हुए चुघ ने सतीश पूनिया के कार्यकाल को शानदार बताया। वहीं, राजस्थान सरकार को माफिया सरकार करार दिया। बीजेपी के राष्ट्रीय महामंत्री तरुण चुघ ने कहा कि हमारी पार्टी केडर बेस है। जहां आंतरिक लोकतंत्र के आधार पर फैसले लिए जाते हैं। हमारे यहां किसी भी पदाधिकारी का चुनाव के आधार पर चयन होता है। फिलहाल कहीं भी पार्टी ने किसी तरह का चुनाव घोषित नहीं किया है। इसलिए जो पदाधिकारी जहां काम कर रहा है। वह वैसे ही काम करता रहेगा। उन्होंने कहा कि राजस्थान में सतीश पूनिया ने में शानदार काम किया है। आगे भी उनके नेतृत्व में सभी कार्यकर्ता एकजुट होकर आगे भी काम करते रहेंगे। तरुण चुघ ने कहा कि राजस्थान में कांग्रेस माफिया रोकने के नाम पर सत्ता में आई थी। लेकिन अशोक गहलोत की सरकार को असलियत में माफिया ही चला रहे हैं। पिछले 4 साल में भ्रष्टाचार, पेपर लीक और बढ़ते अपराधों ने प्रदेश की जनता को परेशान और प्रताड़ित कर दिया है। हर मोर्चे पर सरकार विफल हो चुकी



है। तरुण चुघ ने कहा कि राजस्थान में भ्रष्टाचार चरम पर पहुंच गया है। लेकिन कांग्रेस सरकार उन्हें पकड़ने की जगह उन्हें बचाने की कोशिशों में जुटी है। यहीं कारण है कि अपने भ्रष्टाचारी दोस्तों को बचाने के लिए अशोक गहलोत ने विवादित आदेश जारी किए हैं। लेकिन सरकार के इस फैसले से राजस्थान की जनता भी समझ गई है। कि कौन, किसे और क्यों बचाने में जुटा हुआ है। राजस्थान में हालात इतने बिगड़ गए हैं कि बड़े से बड़ा घोटाला करने पर भी भ्रष्टाचारियों को सरकार बचा रही है। लेकिन अब जनता समझ चुकी है और आने वाले चुनाव में कांग्रेस को जड़ से निकाल फेंकेगी।

# पेपर लीक मामले में अधिगम कोचिंग पर कार्रवाई की तैयारी

जयपुर. सीनियर टीचर भर्ती परीक्षा में पेपर लीक मामले में शामिल आरोपी सुरेश ढाका के जयपुर मे संचालित अधिगम कोचिंग पर जेडीए अब एक्शन लेने की तैयारी में है। कोचिंग को शुक्रवार को नोटिस जारी किया गया। इसमें बताया गया कि कोचिंग की बिल्डिंग 2 आवासीय प्लाट को मिलाकर बनाई गई है। जिस कार्नर प्लाट पर कोचिंग बनी है उसमें सरकारी जमीन भी दबा ली। नोटिस के बाद 3 दिन में जवाब पेश करने का समय दिया है। दरअसल, जेडीए की टीम शुक्रवार को गुर्जर की थड़ी सुख विहार स्थित कोचिंग इंस्टीट्यूट की बिल्डिंग का मौका मुआयना करने गई। यहां टीम अब बिल्डिंग के सभी पहलुओं की जांच में जुट गई। सभी बिंदुओं की रिपोर्ट तैयार करने के बाद बिल्डिंग के मालिक और कोचिंग संचालक को नोटिस जारी किया गया। जेडीए के एन्फोर्समेंट विंग के चीफ रघुवीर सैनी ने बताया कि




हमने टेक्निकल टीम को बिल्डिंग की जांच के लिए भेजा है। इसमें प्रवर्तन शाखा से संबंधित तकनीकी बिंदुओं पर जांच की जा रही है। इसमें बिल्डिंग बायलॉज के मुताबिक बनी है या नहीं? बिल्डिंग में सैटबेक छोड़ा है या नहीं। बिल्डिंग जिस जमीन पर बनी है उसका टाइटल क्या है यानी वह जमीन कॉमर्शियल उपयोग की है या आवासीय उपयोग की। इनके अलावा अन्य बिन्दुओं पर जांच के बाद रिपोर्ट तैयार की गई। जेडीए सूत्रों के मुताबिक जिस बिल्डिंग में इंस्टीट्यूट चल रहा है। वह रिहायशी एरिया में और आवासीय उपयोग की जमीन पर बना है। इसके अलावा इस बिल्डिंग का नक्शा भी अप्रूव्ड नहीं है। न ही बिल्डिंग के साइड और बैक सैटबेक छोड़ रखे है। फ्रंट सैटबेक एरिया में भी पार्किंग की जगह पर निर्माण कर रखा है, इसे तोड़ा जा सकता है।

## युवक-युवती ने बिजनेसमैन से 25 लाख रुपए ऐंठे

जयपुर. चार्टर्ड अकाउंटेंट स्टूडेंट और उसकी गर्लफ्रेंड की ओर से बिजनेसमैन को धमकी देकर 25 लाख रुपए ऐंठने का मामला सामने आया है। युवक-युवती ने लेटर लिखकर बिजनेसमैन को बदनाम करने की धमकी दी। मामला विश्वकर्मा थाना इलाके का है। पुलिस ने युवक-युवती को गिरफ्तार कर लिया। डीसीपी (वेस्ट) वंदिता राणा ने बताया कि ब्लैकमेलिंग के मामले में 26 साल के राहुल



बोहरा निवासी जगदीश कॉलोनी निवारू रोड झोटवाड़ा और उसकी 27 साल की गर्लफ्रेंड प्रियंका निवासी डीडवाना नागौर हाल निवारू रोड करधनी को अरेस्ट किया है। आरोपी राहुल बोहरा सीए फाइनल ईयर का स्टूडेंट है। प्रियंका बिजनेसमैन की कंपनी में ही अकाउंटेंट है। युवक-युवती 2 साल से रिलेशनशिप में है। पूछताछ में आरोपियों ने वेब सीरीज देखकर ब्लैकमेलिंग का प्लान बनाया था। एसएचओ विश्वकर्मा रमेश सैनी ने बताया कि मुखर्जी कॉलोनी शास्त्री नगर निवासी दीपक माहेश्वरी (47) गुरुवार को ब्लैकमेलिंग की शिकायत लेकर थाने पहुंचा था। दीपक का विश्वकर्मा में रोड नंबर-9 पर साइन बोर्ड बनाने का बिजनेस है। दीपक की कंपनी में ही प्रियंका करीब 4 साल से जॉब कर रही है। उसकी ही कंपनी में राहुल बोहरा की बहन भी जॉब करती है। इसके चलते राहुल का कंपनी में आना-जाना था। करीब 2 साल पहले प्रियंका राहुल के कॉन्टैक्ट में आई थी। प्रियंका ने राहुल को बिजनेसमैन की डिटेल उपलब्ध करवाई। पता चला की बिजनेसमैन करोड़पति है। फिर ब्लैकमेल करने का प्लान तैयार किया। 1 नवम्बर 2022 की रात करीब 8 बजे राहुल ने एक अनजान व्यक्ति के जरिए कंपनी के गार्ड को एक बंद लिफाफा दिया। 2 नवम्बर को सुबह ऑफिस जाने पर गार्ड ने लिफाफा दीपक को दे दिया। लिफाफे को खोलकर देखा तो उसमें धमकी भरा लेटर मिला। इसमें उसका और कंपनी की महिला कर्मचारी का नाम लिखा था। दोनों के एक साथ गए स्थानों के बारे में लिखा हुआ था। लेटर में लिखा था आप मुझे 10 लाख रुपए दे दो। नहीं तो मैं आपकी निजी जानकारियां उजागर कर दूंगा। लेटर में शाम 7 बजे 10 लाख रुपए से भरा बैग विद्याधर नगर स्थित कपड़ों के शोरूम के सामने छोड़ने के लिए लिखा था। बदनामी के डर से बिजनेसमैन रुपए दे आया।

## आईआईटी में 131 पदों पर निकली वैकेंसी

जयपुर. सरकारी नौकरी की तैयारी कर रहे युवाओं के लिए अच्छी खबर है। आईआईटी ने गैर-शैक्षणिक पदों पर वैकेंसी निकली है। इसके तहत 131 पदों पर लेवल-3, लेवल-6 और लेवल-10 में भर्तियां की जाएगी। जिसके लिए ग्रेजुएशन, पोस्ट ग्रेजुएशन, डिप्लोमा, नर्सिंग, एमबीबीएस डिग्री हासिल कर चुके उम्मीदवार आईआईटी की ऑफिशियलल वेबसाइट‚३‘्ल्ल पर जाकर 9 जनवरी तक आवेदन कर सकते है। भर्ती प्रक्रिया में इंटरव्यू के आधार पर उम्मीदवारों का सिलेक्शन किया जाएगा। असिस्टेंट एग्जीक्यूटिव इंजीनियर, असिस्टेंट रजिस्ट्रार, मेडिकल ऑफिसरझ्र 56100 से 177500 रुपए. जूनियर इंजीनियर, जूनियर टेक्निकल सुपरिन्टेंडेंट, पीटीआई, स्टाफ नर्सझ्र 35400 से 1,12,400 रुपए. जूनियर टेक्नीशियनझ्र 21700 से 69100 रुपए ग्रुप ए के लिए न्यूनतम उम्र 21 साल और अधिकतम 45 साल है। वहीं, ग्रुप बी के लिए यह 21 से 35 साल तक है।

### साहित्य मण्डल नाथद्वारा में दो दिवसीय राष्ट्रीय बाल साहित्य समारोह शुरू

# वरिष्ठ पत्रकार राकेश कुमार शर्मा व सुभाष शर्मा पत्रकार प्रवर उपाधि से अलंकृत

नाथद्वारा। श्रीनाथजी की नगरी नाथद्वारा में साहित्य मण्डल नाथद्वारा की ओर से दो दिवसीय राष्ट्रीय बाल साहित्य समारोह शुक्रवार से शुरू हुआ। समारोह के पहले दिन राष्ट्रभाषा हिन्दी व संस्कृति प्रेमियों, सम्पादकों, पत्रकारों और विशिष्ट साहित्यकारों का सम्मान किया गया। दूसरे दिन शनिवार को बालकों के चहुंमुखी विकासोन्मुख पत्र वाचन एवं बाल साहित्यकारों का सम्मान किया जाएगा। साहित्य मण्डल के प्रधानमंत्री श्यामप्रकाश देवपुरा ने बताया कि राष्ट्रभाषा हिन्दी के सेनानी एवं बाल साहित्यकार भगवतीप्रसाद देवपुरा की नवम पुण्यतिथि पर हो रहे इस दो दिवसीय आयोजन में भूली-बिसरी हो चुकी बाल पत्रिकाओं व वर्तमान में प्रकाशित होने वाली बाल पत्रिकाओं की प्रदर्शनी भी लगाई गई है। दो दिवसीय कार्यक्रमों में विभिन्न




सत्र भी हो रहे हैं। समारोह में देश के कोने-कोने से चयनित कलम साधकों को साहित्य भूषण, साहित्य सुधाकर, साहित्य कुसुमाकर, साहित्य सौरभ,



काव्य कलाधर, काव्य कौस्तुभ, काव्य कुसुम, सम्पादकश्री, पत्रकार प्रवर आदि सम्मान से विभूषित किया गया।

### जयपुर से राकेश शर्मा व उदयपुर से सुभाष शर्मा का हुआ सम्मान

समारोह में जयपुर के अखिल बंसल सहित जयपुर के ही जनप्रहरी एक्सप्रेस के सम्पादक राकेश कुमार शर्मा व उदयपुर से वरिष्ठ पत्रकार व जर्नलिस्ट्स एसोसिएशन ऑफ राजस्थान (जार) के प्रदेश अध्यक्ष सुभाष शर्मा को पत्रकार प्रवर मानद उपाधि से अलंकृत किया गया। कलमकारों को शॉल, उत्तरीय, कण्ठहार, श्रीनाथ जी का प्रसाद, श्री फल, श्रीनाथ जी की छवि, श्रीनाथ की छवि से सज्जित पेन, उपाधिपत्र आदि प्रदान किये गए।

## सम्पादकीय

# राजस्थान में कांग्रेस दो सत्ता में लौटना है तो बदलनी होगी अपनी रणनीति

आज बूथ से लेकर ग्राम इकाई, ब्लॉक इकाई व जिला संगठन में काम करने वाले अधिकांश पदाधिकारियों को सत्ता में कोई भागीदारी नहीं मिल पाई है। जो जमीनी स्तर पर काम करने वाले लोग हैं। कार्यक्रमों में दरिया बिछाते हैं। पार्टी के लिए मरने मारने पर उतारू रहते हैं।राजस्थान में अगले विधानसभा चुनाव को लेकर सभी राजनीतिक दलों ने अपनी चुनावी तैयारियां प्रारंभ कर दी हैं। प्रदेश में सत्तारुढ़ कांग्रेस पार्टी, मुख्य विपक्षी दल भाजपा, तिकोनी टक्कर बनाने में जुटी बसपा, आम आदमी पार्टी, राष्ट्रीय लोकतांत्रिक पार्टी, असदुद्दीन ओवैसी की ऑल इंडिया मजलिस ए इत्तेहादुल मुस्लिमीन, वामपंथी दल, भारतीय ट्राइबल पार्टी सभी अगले विधानसभा चुनाव में सत्तारुढ़ होने का सपना देख रहे हैं। कांग्रेस के नेता जहां फिर से सरकार रिपीट करवाने का प्रयास कर रहे हैं। वहीं भाजपा सरकार बनाने की अपनी बारी का इंतजार कर रही है। अन्य राजनीतिक दल इन दोनों ही दलों को पटखनी देकर अगली सरकार बनाने में अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभाना चाहते हैं।राहुल गांधी की राजस्थान में 18 दिनों तक चली भारत जोड़ो पदयात्रा को मिले जन समर्थन से कांग्रेस गदगद नजर आ रही है। वहीं भाजपा गहलोत सरकार के खिलाफ प्रदेश में निकाली गई जनाक्रोश यात्राओं में ज्यादा भीड़ नहीं जुटा पाने से हताश नजर आ रही है। अन्य राजनीतिक दलों के नेता भी अपना प्रभाव बढ़ाने के प्रयास में लगे हुए हैं। सांसद असदुद्दीन ओवैसी भी राजस्थान के कई जिलों की यात्राएं कर जनमानस का मूड टटोल चुके हैं। बसपा भी अपने जर्जर संगठन को एक बार फिर नए सिरे से खड़ा करने का प्रयास कर रही है। आम आदमी पार्टी भी सभी 200 विधानसभा सीटों पर अपने उम्मीदवार उतारने की घोषणा कर चुकी है।

राहुल गांधी की पदयात्रा राजस्थान में आठ जिलों से होकर गुजरी थी। उस दौरान प्रायः सभी छोटे-बड़े नेताओं ने राहुल गांधी से मिलकर उन्हें अपने विचारों से अवगत करवाया था। राहुल गांधी ने सभी की बातें बड़े ध्यान से सुनी थीं। बहुत से लोगों ने राहुल गांधी को गहलोत सरकार की कई खामियों के बारे में भी बताया था। जिनको लेकर राहुल गांधी ने यात्रा के अंतिम दिन अलवर में मुख्यमंत्री अशोक गहलोत सहित अन्य प्रमुख नेताओं के साथ एक बैठक कर सभी बातों पर विस्तारपूर्वक चर्चा की व प्रदेश में जो समस्याएं हैं उनका समाधान निकालने के लिए भी मुख्यमंत्री को कहा था।

राजस्थान कांग्रेस में सितंबर महीने में चले राजनीतिक घटनाक्रम के बाद पार्टी की फूट खुलकर सड़कों पर आ गई थी। मगर राहुल गांधी की यात्रा के बाद कांग्रेस एक बार फिर से एकजुट नजर आने लगी है। अजय माकन के इस्तीफे के बाद पंजाब के पूर्व उपमुख्यमंत्री सुखजिंदर सिंह रंधावा को राजस्थान कांग्रेस का नया प्रभारी बनाया गया है। वह भी प्रदेश में लगातार दौरे कर कांग्रेस कार्यकर्ताओं से फीडबैक ले रहे हैं तथा पार्टी में आपसी एकता कायम करने की दिशा में काम कर रहे हैं। मुख्यमंत्री अशोक गहलोत अगली बार फिर से सरकार रिपीट करने को लेकर पूरी तरह आश्वस्त नजर आ रहे हैं। उन्होंने कहा है कि आने वाला बजट पूरी तरह किसानों व गरीबों को समर्पित होगा। गहलोत सरकार द्वारा वोट बटोरने के लिये अगले बजट में कई लोक लुभावनी घोषणाएं भी की जाएंगी।

# युवा वर्ग में नशे की बढ़ती प्रवृत्ति राष्ट्र हित में नहीं है होने वाले दुष्प्रभाव से जागरूक करना ही हमारा 2023 का उद्देश्य है : कृष्णा , प्रदेश अध्यक्ष ,राजस्थान









मरूधर विशेष/खेमचन्द गुप्ता

अंतर्राष्ट्रीय मानवाधिकार सुरक्षा संगठन का स्थापना दिवस राजस्थान की राजधानी जयपुर होटल द ग्रैंड मजेस्टिक में बड़ी धूमधाम से मनाया गया। 4 जनवरी 2023 को इस कार्यक्रम में मानव अधिकारों मैं उल्लेखनीय कार्यों के लिए प्रतिभागियों को सम्मान दिया गया, जिसमें लाइफटाइम अचीवमेंट अवार्ड, श्रीमती पदमा मिनोचा, जिला भरतपुर को दिया गया।सर्टिफिकेट ऑफ एक्सीलेंस श्रेष्ठता का पुरस्कार श्रीमती शिवानी त्यागी , श्रीमान कानाराम परिहार और श्रीमान महावीर सिंह जी चौहान को दिया गयाकला क्षेत्र में श्रीमती पागल भार्गव और महिला सशक्तिकरण के लिए श्रीमती मानसी राठौड़ को दिया गया।अपने क्षेत्र में बेहतरीन प्रदर्शन के लिए श्रीमती दिव्या शर्मा, श्रीमती रेखा शर्मा , श्रीमान मनीष गुप्ता, श्रीमान श्याम जी खंडेलवाल, श्रीमान विष्णु यादव और श्रीमान दीपक खंडेलवाल को श्रेष्ठता के पुरस्कार से नवाजा गया। इस अवसर पर कृष्ण गोपाल गुप्ता प्रदेश अध्यक्ष राजस्थान ने बताया कि यह संस्था राजस्थान के 33 जिलों में कार्यरत है जो महिला सशक्तिकरण, महिला उत्पीड़न, कालाबाजारी, अवैध वसूली, आतंकवाद और अन्य मानव अधिकार हितों से संबंधित जितने भी ज्वलंत मुद्दे हैं, सरकार और स्थानीय प्रशासन के सहयोग से राज्य की जनता को न्याय दिलाने का कार्य करती है।

# आदिवासियों का उत्थान राज्य सरकार की प्राथमिकता: अशोक गहलोत

जयपुर। मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने कहा कि प्रदेश सरकार आदिवासियों के उत्थान तथा आदिवासी क्षेत्रों के विकास के लिए प्रतिबद्ध होकर कार्य कर रही है। मुख्यमंत्री शुक्रवार को बांसवाड़ा जिले के गांगड़तलाई में किसान सम्मेलन को संबोधित कर रहे थे। गहलोत ने कहा कि प्रदेश में पानी-बिजली से लेकर शिक्षा, चिकित्सा, समाजिक सुरक्षा तक सभी क्षेत्रों में उत्कृष्ट कार्य हो रहा है। आदिवासी क्षेत्रों में बुनियादी सुविधाओं के विकास और आमजन के कल्याण की दिशा में व्यापक कार्य हुए हैं। उन्होंने कहा कि वागड़ क्षेत्र के किसानों के खेतों में पानी पहुंचाकर खुशहाली लाने के लिए सरकार निरंतर कार्य कर रही है। सरकार माही के पानी की हर बूंद का उपयोग करते हुए आदिवासी क्षेत्रों को कृषि हेतु पर्याप्त सिंचाई जल उपलब्ध करवाने के लिए प्रतिबद्ध है। मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य सरकार की प्रत्येक योजना के केन्द्र में गरीब एवं वंचित लोग हैं। उन्होंने कहा कि आमजन को महंगे उपचार से मुक्ति दिलाने के लिए मुख्यमंत्री चिरंजीवी स्वास्थ्य बीमा योजना लागू की है। इसमें 10 लाख रूपए तक का निःशुल्क उपचार मिल रहा है। किडनी, हार्ट, लीवर ट्रांसप्लांट जैसे महंगे इलाज में 10 लाख की सीमा समाप्त कर सारा खर्च राज्य सरकार वहन कर रही है। साथ ही, 5 लाख रूपए तक का दुर्घटना बीमा




भी दिया जा रहा है। प्रदेश सरकार द्वारा आईपीडी, ओपीडी में सभी प्रकार के उपचार निःशुल्क कर दिए गए हैं। प्रदेश में आमजन की सीटी स्केन, एम.आर.आई. स्केन जैसी महंगी जांचें निःशुल्क की जा रही हैं। इन ?तिहासिक निर्णयों से राजस्थान स्वास्थ्य के क्षेत्र में एक मॉडल स्टेट बनकर उभरा है। मुख्यमंत्री ने कहा कि कोरोनाकाल में बेहतरीन चिकित्सा प्रबंधन के जरिए राजस्थान पूरे देश में अग्रणी रहा। उन्होंने कहा कि कोरोना महामारी के सर्वश्रेष्ठ प्रबंधन के लिए राज्य की पूरी दुनिया में सराहना हुई। प्रदेश के हर चिकित्सालय में ऑक्सीजन, आवश्यक दवाईयों और बेड्स की अतिरिक्त व्यवस्था की गई। इसी का परिणाम रहा है कि अन्य राज्यों के मुकाबले राजस्थान में मृत्युदर काफी कम रही। दवाईयों एवं चिकित्सा उपकरणों के प्रबंधन, लॉकडाउन के दौरान रोजगार खोने वाले मजदूर वर्ग, ठेले-रेहड़ी वालों का सर्वे किया गया। इस दौरान लाखों लोगों के खातों में आर्थिक सहयोग राशि डीबीटी के माध्यम से भेजी गई। गहलोत ने कहा कि राज्य सरकार की योजनाओं से शिक्षा के क्षेत्र में राजस्थान निरंतर आगे बढ़ रहा है। राज्य में 211 कॉलेज खोले गए हैं, जिनमें 94 गर्ल्स कॉलेज हैं। 500 बालिकाओं के नामांकन पर कॉलेज खोलने का निर्णय राज्य सरकार ने किया है। विभिन्न योजनाओं के माध्यम से छात्राओं को बड़े स्तर पर निःशुल्क स्कूटी का वितरण किया जा रहा है। इन्हीं प्रयासों का परिणाम है कि आज उच्च शिक्षा मंन लड़कियों का नामांकन लड़कों से अधिक हो गया है। प्रदेश में महात्मा गांधी अंग्रेजी माध्यम स्कूल खोले गए हैं, ताकि वंचित तबके के विद्यार्थी अंग्रेजी माध्यम में गुणवत्तापूर्ण शिक्षा निःशुल्क प्राप्त कर सकें। मुख्यमंत्री अनुप्रति कोचिंग योजना से प्रदेश में हजारों विद्यार्थियों को प्रतियोगी परीक्षाओं की निशुल्क तैयारी करवाई जा रही है। राजीव गांधी स्कॉलरशिप फॉर एकेडमिक एक्सीलेंस योजना के माध्यम से युवाओं को विदेशों में निःशुल्क पढ़ने का अवसर मिल रहा है। सम्मेलन में किसानों के प्रतिनिधियों ने मुख्यमंत्री का स्वागत एवं अभिनंदन किया। इससे पहले सम्मेलन में किसानों के प्रतिनिधियों ने मुख्यमंत्री का स्वागत एवं अभिनंदन किया। सम्मेलन में जल संसाधन मंत्री महेन्द्रजीत सिंह मालवीय ने मुख्यमंत्री को पारंपरिक परिधान पहनाकर और साफा बांधकर अभिनंदन किया। पूर्व शिक्षा मंत्री गोविन्दसिंह डोटासरा ने इस अवसर पर प्रदेश सरकार की योजनाओं की तारीफ करते हुए कहा कि मुख्यमंत्री के नेतृत्व में राजस्थान जन कल्याणकारी योजनाओं और सामाजिक सरोकारों के बेहतर निर्वहन की बदौलत आज देश में मॉडल स्टेट के रूप में अग्रणी पहचान कायम करता जा रहा है।

# सरकार की योजनाओं को धरातल तक पहुंचा कर पशुपालकों को करें लाभान्वित




जयपुर। पशुपालन मंत्री लालचंद कटारिया ने कहा की राज्य की अर्थव्यवस्था में पशुपालन महत्वपूर्ण योगदान है वहीं राज्य सरकार पशुपालकों के संवर्धन के लिए हर संभव प्रयास कर रही है। कटारिया ने शुक्रवार को पंत कृषि भवन में पशुपालन विभाग की बजट घोषणाओं की क्रियान्वयन की समीक्षा करते हुए कहा की विभागीय अधिकारी पशुपालकों के हित को प्राथमिकता देते हुए लंबित मामलों का शीघ्र निपटारा कर बजट घोषणाओं को लागू कर पशुपालकों को लाभान्वित करें। बैठक में कटारिया ने विभागीय अधिकारीयों को निर्देशित करते हुए कहा की आगामी बजट सत्र के लिए विभाग आवश्यक तैयारियां समय पर पूर्ण कर विधानसभावार आवश्यक सूचनाएं संकलित करें। उन्होंने शासन सचिव कृष्ण कुणाल को आवश्यक निर्देश देते हुए कहा की शीघ्र ही विभाग नियंत्रण कक्ष स्थापित कर समस्त सूचनाएं संकलन का कार्य प्राथमिकता से करें। उन्होंने कहा की शहरी एवं ग्रामीण पशुपालकों को विभागीय योजनाओं से लाभान्वित करने एवं पशुओं में होने वाले रोगों की रोकथाम के प्रति जागरूक करने के लिए विभाग इंटरनेट के माध्यम से समय समय पर प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित करवाना सुनिश्चित करे। साथ ही उन्होंने मौजूद विभागीय वरिष्ठ अधिकारीयों को निर्देशित किया की 15 दिवस के अंदर विभाग के सभी स्तर पर डीपीसी करवा कर विभागीय पदोन्नति की कार्यवाही की जाये। मौके पर मौजूद जिलों से आये विभागीय प्रतिनिधियों को कटारिया ने निर्देश देते हुए कहा की जिलों में गौशालाओं में नियमित रूप से एक निश्चित अंतराल में पशु चिकित्सा शिविरों का आयोजन किया जाये ताकि मौसमी रोगों के साथ पशुओं में होने वाली बिमारियों पर रोकथाम लगे एवं समय पर पशुओं का उपचार किया जा सके। कटारिया ने कहा की ग्रामीण स्तर पर विभाग की योजनाओं को पशुपालकों तक पहुंचाने के लिए बेरोजगार शिक्षित युवाओं को शामिल कर रोजगार सृजन में विभाग की भूमिका तय की जाये।

# यूं ना जलवा दिखा ए जलवानशीं, दीवाने के दिल का ख्याल तो कर !

दादी अक्सर बहन को डांटती और कहती...तेरे शरीर में क्या कांटे लगे हैं जो कपड़े जल्दी फाड़ लेती है। उसे कोई भी कपड़ा दिला दो, छह महीने से ज्यादा नहीं चलता था...। आज अगर दादी होती और उर्फी को देखती तो कहती कि तेरे कपड़ों में क्या कांटे लगे हैं जो कपड़े नहीं पहनती..। इस पर 63 साल की नीना गुप्ता का तड़का...शार्ट ड्रेस में डांस.....देखतीं तो माथा पीट लेतीं...। मुमकिन था इसके बाद शायद वे कभी नहीं कहतीं कि, कपड़ो में क्या कांटे लगे हैं...। लेकिन अदाकारा को ताने नहीं चुभ रहे...लोग लाख बुरा कहें, वह तो कपड़े उतारने पर अमादा है..। अब तक तो पचास पास पहुंच रही मलाईका ही चर्चा मे रहती थीं...अब नीना ने भी वीडियो शेयर कर जता दिया है कि उसे नजरअंदाज ना करें...अब भी वह जलवानशीं होने को बेताब हैं। ...तो जब हुस्न का जलवा हर तरफ है तो सिसायत कहां चूकने वाली....अलवर के पास खेड़ली में भी महफिल खूब जमीं..। सुना है आक्रोश रैली में भीड़ जुटाने की गरज से नाच-गाने का प्रोग्राम रखा गया....असर भी दिखा, जवान से लेकर बुड्ढे-ढुडडे भी आए...खूब तालियां बजीं...खूब सीटियां...। आयोजको ने सोचा, वाहवाही मिलेगी.... हुआ उलटा, प्रदेशाध्यक्ष सतीश पूनिया ने जवाब तलब कर लिया। सही भी है.... आक्रोश रैली में हंसी-ठहाके भला किसे सुहाएंगे। सुना है गुस्से की वजह कुछ और है....कहा जा रहा है कि महफिल में अश्लील डांस हुआ जिससे पार्टी की छवि पर असर पड़ा है। खैर.....मामला राजनीतिक था तो निबटा लिया गया लेकिन उर्फी जावेद के मामले मे ऐसा नहीं है। नए साल पर भाजपा की महाराष्ट्र महिला मोर्चा की अध्यक्ष चित्रा किशोर वाघ ने उनके खिलाफ एफआईआर दर्ज कराई। उन्होंने उर्फी जावेद पर 'मुंबई की सड़कों पर सार्वजनिक रूप से नग्नता में लिप्त' होने का आरोप लगाया है। चित्रा वाघ ने मुंबई पुलिस की कानून व्यवस्था की उपायुक्त से भी मुलाकात की और कहा कि मुंबई की सड़कों पर घूम-घूम कर



अपनी अंग का प्रदर्शन करने वाली ऊर्फी जावेद के खिलाफ तत्काल कानूनी कार्रवाई की जानी चाहिए। पुलिस कार्रवाई करेगी तब करेगी इस बीच उर्फी ने जरूर ऐलान कर दिया कि, 'उसका नंगा नाच चलता रहेगा....'। बता दें कि, उर्फी अपनी अतरंगी ड्रेस के कारण अक्सर चर्चा में रहती है। नए साल पर जब पुलिस में मामला दर्ज हुआ तो फिर एक बार वह चर्चा मे आ गई.। मुद्दा गरमाया तो अब तक 'बेशरम रंग...' में डूबी जमात को भी ख्याल आया कि बिना वजह दीपिका के केसरिया कपड़ों पर हो हल्ला कर रहे थे....यहां तो कपड़े नहीं पहनने की लड़ाई चल रही है। चंपू भी परेशां नजर आया....चिंता की वजह उर्फी के कम कपड़े नहीं....चिंतन नए जमाने को लेकर था। चंपू सोच रहा था कि 'नए जमाने...' ने आने में इतनी देर क्यों लगा दी। काश....पहले आ गया होता तो जिंदगी का थोड़ा रस वह भी ले लेता। अंग्रेजी ना आने के बावजूद महज एक या दो शॉट्स के लिए अनगिनत अंग्रेजी फिल्में देख डालीं.....कई-कई बार देख डालीं लेकिन कभी मन भरा नही....मन मरा नहीं, यहीं वजह है कि आज पैर लड़खड़ाने के बाद भी कोई मौका नहीं चूकता चंपू। उसके 'खजाने...' में सैंकड़ो मैगजीन भी मिल जाएंगी। पेंटहाऊस....प्लेबॉय से लेकर डेबोनियर तक तमाम मैगजीन का स्टॉक है। .....ऐसा नहीं कि चंपू कोई बहुत बड़ा पढ़ाक था...मैगजीन खरीदने की वजह भी अधकपड़ों मे मॉडल्स के फोटो हुआ करते थे। लेकिन अब इन सब बातों का चंपू के लिए कोई महत्व नहीं रहा क्योंकि कदम लड़खड़ाने लगे हैं...आंखें साथ नहीं दे रहीं। फिर भी कहीं चर्चा छिड़े तो चंपू सबसे आगे रहता है...। उर्फी के फोटो देख चंपू अर्थात चंपालाल आज भी रोमांटिक हो जाता है...। ग्राहक भी कमजोर नब्ज को जानते हैं....कड़ाके की ठंड में चंपी करते हुए जब चंपू के हाथ नहीं चलते तो ये उर्फी या मलाईका सरीखी अदाकाराओ का जिक्र छेड़ देते हैं....। 'मंत्र..' काम कर जाता है....चंपी अच्छी हो जाती है। वैसे बात अकेले चंपू की नहीं....जब बीच चौराहे नंगा नाच होगा तो तमाशाई कहीं भी मिल जाएंगे। 26-27 साल की उर्फी जब कतरने टांग कर बाजार में निकलती है तो देखने वालों को शर्म आ जाती है....क्या मजाल उर्फी को शरम आए..।इस पर बेबाकी देखें....रिपोर्ट दर्ज होने के बाद भी कहती है, 'उसका नंगा नाच चलता रहेगा....', बेशर्मी का इससे बड़ा जवाब कोई और हो नहीं सकता। ऐसे में अगर कभी खुदानुखास्ता कोई वारदात हो गई तो हजार तोहमतें सामने वाले के सिर मढ़ दी जाएंगी, कोई इस पर बात नहीं करेगा कि सुर्ख सर्दी में पारा किसने चढ़ाए रखा... !

### पुलिस एजेन्सियों को मिलकर प्रभावी रूप में कार्य करना चाहिए: राज्यपाल

# नए किस्म के शहरी अपराधों पर नियंत्रण के लिए पुलिस बलों का सुदृढ़ीकरण जरूरी:कलराज मिश्र

जयपुर। राज्यपाल कलराज मिश्र ने शहरों में घटित होने वाले नए किस्म के अपराधों को रोकने के लिए पुलिसिंग से जुड़ी प्रौद्योगिकी को विकसित कर पुलिस बलों के सुदृढ़ीकरण पर बल दिया है। राज्यपाल मिश्र शुक्रवार को दहमीकलां स्थित केन्द्रीय गुप्तचर प्रशिक्षण संस्थान में केन्द्रीय गृह मंत्रालय के पुलिस अनुसंधान एवं विकास ब्यूरो (बीपीआरएंडडी) द्वारा आयोजित जांच एजेंसियों के प्रमाणों के राष्ट्रीय सम्मेलन में सम्बोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि जांच और अभियोजन की कार्यवाही समयबद्ध पूरी करने के लिए पुलिस एजेन्सियों को मिलकर प्रभावी रूप में कार्य करना चाहिए। उन्होंने कहा कि जांच के वैज्ञानिक तरीकों का समुचित उपयोग कर पुलिस को अपने तंत्र को इतना मजबूत करना चाहिए कि अपराधी को समय पर सजा मिल जाए और निरपराध को कोई फंसा भी न सके। राज्यपाल ने कहा कि किसी भी राष्ट्र की कानून व्यवस्था की रीढ़ वहां की पुलिस होती है। उन्होंने कानून की पालना में पुलिस की महत्वपूर्ण भूमिका को रेखांकित करते हुए कहा कि पुलिस बल देश की आंतरिक सुरक्षा की निगरानी ही नहीं करते बल्कि नागरिकों की सुरक्षा के भी प्रहरी होते हैं। राज्यपाल मिश्र ने कहा कि वैश्वीकरण एवं सूचना और संचार प्रौद्योगिकी के इस दौर में आपराधिक मामलों की जटिलताएं कई गुना बढ़ गयी हैं। उन्होंने कहा कि पुलिस द्वारा जांच और अभियोजन की कार्यवाही में तेजी लाने के लिए अपराध विवेचन में वैज्ञानिक विधियों और साधनों का त्वरित एवं दक्षतापूर्ण उपयोग किया जाना चाहिए। राज्यपाल ने कहा कि गंभीर अपराधों से जुड़े आपराधिक मामलों की जांच और अभियोजन में अत्यधिक विलम्ब होने का प्रतिकूल प्रभाव पूरे समाज पर पड़ता है। उन्होंने कहा कि आधुनिक तकनीक और




मनोवैज्ञानिक पद्धतियों से जांच और अभियोजन के बीच अंतराल को कैसे कम किया जा सकता है, इस पर पुलिस एजेंसियों को विस्तारपूर्वक विमर्श करने की आवश्यकता है। पुलिस अनुसंधान एवं विकास ब्यूरो के महानिदेशक बालाजी श्रीवास्तव ने अपने सम्बोधन में जांच एवं अनुसंधान में उत्तम कार्यप्रणाली और मानक प्रोत्साहन के महत्व के बारे में जानकारी दी। कार्यक्रम के आरम्भ में राज्यपाल मिश्र ने उपस्थितजन को संविधान की उद्देशिका का वाचन करवाया और मूल कर्तव्य पढ़कर सुनाए। सम्मेलन में बीपीआरएंडडी के अपर महानिदेशक नीरज सिन्हा, केन्द्रीय गुप्तचर प्रशिक्षण संस्थान, गाजियाबाद के निदेशक अनुराग कुमार, केन्द्रीय गुप्तचर प्रशिक्षण संस्थान, जयपुर के निदेशक डॉ. अमनदीप सिंह कपूर सहित भारतीय पुलिस सेवा के वरिष्ठ अधिकारी और जांच एजेंसियों के अधिकारी उपस्थित रहे।

## तिजारा जैन मुनि आचार्य अतिवीर सागर मंगल विहार दिल्ली के लिए

**मरुधर विशेष राकेश सैनी**



प्रसन्न मूर्ति आचार्य श्री शांति सागर जी महाराज छाणी परंपरा के प्रमुख संत परम पूज्य आचार्य श्री 108 अतिवीर जी मुनिराज का मंगल विहार दिल्ली(नजफगढ़) के लिए आज दोपहर 1:00 बजे श्री 1008 चंद्रप्रभु दिगंबर जैन अतिशय क्षेत्र देहरा तिजारा मंदिर से दिल्ली के लिए बिहार हुआ। परम पूज्य आचार्य श्री दिल्ली (नजफगढ़) में तीन दिवसीय भक्तांबर महा अर्चना का भव्य आयोजन आचार्य श्री के सानिध्य में संपन्न होगा कार्यक्रम में पहुंचेंगे आस्था का उमड़ा जनसैलाब आचार्य श्री के चरणों में नतमस्तक होकर नमोस्तु कहकर महाराज जी के मंगल विहार में सम्मिलित हुए उमंग जैन कपिल जैन निर्मल जैन देहरा जैन मंदिर अध्यक्ष मुकेश जैन ललित जैन महामंत्री डब्बू जैन वरुण जैन कालू जैन सक्षम जैन आशीष जैन उत्सव जैन मनोज जैन संदीप जैन कुणाल जैन राकेश जैन रवि जैन नरेंद्र जैन आदि लोग बिहार में उपस्थित हुए

## भाजपा उपाध्यक्ष जाणी ने किया ग्रामीण क्षेत्रों का दौरा

मरुधर विशेष फलोदी। भारतीय जनता पार्टी जोधपुर देहात उत्तर के उपाध्यक्ष एवं युवा भामाशाह रावल जाणी ने फलोदी विधानसभा क्षेत्र के भीयासर,



चाखू, बजरंग नगर एवं सुरपुरा गांवों का दौरा कर विभिन्न शोक सभाओं में शिरकत की तथा ग्रामीणों से मुलाकात की। उपाध्यक्ष जाणी ने चाखू गांव में चौधरी पन्नाराम देडू एवं बजरंग नगर सुरपुरा में हीरसिंह की माताजी के निधन शोक व्यक्त करते हुये उन्हें श्रद्धांजली अर्पित की। जाणी ने दयासागर में वरिष्ठ अध्यापक फरसाराम की माताजी, ढढू में पदमसिंह तथा भोजाकोर में जोराराम देवाणी के धर्मपत्नी के निधन पर भी उनके घर जाकर उनके परिजनों को सांत्वना दी। ग्रामीणों के साथ बातचीत करते हुये जाणी ने कहा कि कांग्रेस राज में विकास की प्रक्रिया ठप्प पड़ी है, राज्य में युवा, छात्र, किसान एवं शिक्षित नौजवान परेशान है। बढते अपराधों के चलते जनता का जीना मुश्किल हो गया है।

## एसीबी द्वारा जारी आदेश को वापिस लेने की मांग

मरुधर विशेष फलोदी। भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो राजस्थान के डीजी द्वारा जारी किये गये आदेश को वापिस लेने की मांग को लेकर शुक्रवार को पीयूसीएल के सदस्य एवं सामाजिक न्याय केंद्र फलोदी के सचिव अशोक कुमार मेघवाल ने मुख्यमंत्री अशोक गहलोत को ज्ञापन भेजा है। उल्लेखनीय है कि



एसीबी के डीजी द्वारा जारी आदेश में कहा गया है कि ट्रेपशुदा आरोपी का नाम सार्वजनिक नही किया जायेगा, जब तक न्यायालय से दोषसिद्ध का फैसला नही हो जाता। मेघवाल ने बताया कि स्पष्ट रूप से आरोपी जो सरकारी कर्मचारी ही होते है, को बचाने के लिये यह आदेश निकाला गया है, क्योंकि भ्रष्टाचार जैसे मसलों में अदालती फैसला आने में वर्षो गुजर जाते है। महत्वपूर्ण बात है कि यह मीडिया को चुप करवाने जैसा आदेश है। भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो द्वारा कहना कि वह नाम उजागर नही करेगा, लोकतंत्र के ढांचे में अभिव्यक्ति की आजादी पर कुठाराघात है। उल्लेखनीय है कि वर्ष-2017 मे श्रीमती वसुंधरा राजे सरकार ने भारतीय दंड संहिता एवं दंड प्रक्रिया सहिता में संशोधन कर सरकारी कर्मचारियों की पहचान उजागर नही होने को लेकर अध्यादेश जारी किया था, आंदोलन के बाद यह अध्यादेश सरकार को वापिस लेना पड़ा था। अगर राज्य सरकार ने इस आदेश को वापिस लिया तो जन संगठनों द्वारा आंदोलन छेड़ा जायेगा। भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो द्वारा हवाला दिया जा रहा है कि पीयूसीएल के एक मामले में सुप्रीम कोर्ट ने ऐसा फैसला दिया है, 29 मार्च 2017 में उच्चतम न्यायालय ने भारत सरकार को निर्देशित किया था कि वर्ष 2010 में मीडिया वार्ता के लिये पुलिस द्वारा बनाये दिशा निर्देशों को संशोधन करे जिससे आरोपी के हक सुरक्षित रहे तथा पीड़ित पक्ष के प्रति संवेदनशीलता से कोई समझौता नही किया जाये, लेकिन 5 वर्ष गुजर जाने के बाद भी इस मसले में कोई सुनवाई नही हुई है और ना ही उच्चतम न्यायालय एंव गृह मंत्रालय द्वारा इस तरह के दिशा-निर्देश जारी किये गये है। एसीबी ने पीयूसीएल केस की आड़ लेकर इस तरह का आदेश जारी किया है, जो की सरासर गलत है।

## पतंग महोत्सव का आयोजन मकर संक्रांति को होगा

मरुधर विशेष फलोदी। फलोदी उपखंड मुख्यालय पर आने वाली मकर संक्रांति के अवसर पर फलोदी पतंग महोत्सव समिति एवं 40 प्लस समूह द्वारा एक विशाल पतंग महोत्सव आयोजित किया जायेगा। फलोदी पतंग महोत्सव समिति के संयोजक शिक्षक जितेन्द्र कुमार व्यास ने बताया कि अक्षय तृतीया पर पहली बार फलोदी में पतंग महोत्सव आयोजित किया गया था, इस बार यह आयोजन मकर संक्रांति पर किया जा रहा है। इस आयोजन को लेकर कस्बे में शानदार तैयारियां की जा रही है। फलोदी शहर में लोगों को पतंगों से विशेष लगाव रहा है, यहां के लोग पूरे परिवार के साथ पतंग उड़ाकर पेच लेते है। इस महोत्सव में भाग लेने के लिये जोधपुर, बीकानेर, जैसलमेर, पोकरण तथा आसपास के विभिन्न गांवो के लोग समूह बनाकर आते है तथा 5 घंटे चलने वाले इस महोत्सव में बढ़ चढ़कर कर हिस्सा लेते है, जवान, वृद्ध, महिलाएं एवं बच्चे सभी अपने परिवार समूह बनाकर आते है। आयोजन स्थल पर पानी, टेंट की व्यवस्था के साथ-साथ खाने की सामग्री के ठेले भी लगते है जिससे आयोजन स्थल मेले जैसा लगता है। व्यास ने बताया कि पतंग महोत्सव के पोस्टर का अनावरण 8 जनवरी को फलोदी शहर के गणमान्यों की उपस्थिति में किया जायेगा। दोपहर 12 बजे से लेकर सांय 5 बजे तक चलने वाले इस महोत्सव के पश्चात अधिक पतंग काटने वाले को बोई कट्टा तथा अधिक पतंगे लूटने वाले को झींफा श्री अवार्ड से सम्मानित किया जायेगा। आयोजन समिति ने सभी पतंग प्रेमियों से अधिकाधिक संख्या में पधारकर इस महोत्सव का आनंद लेने का आह्वान किया है। इस महोत्सव में प्लास्टिक एवं चाइनीज मांजे पर प्रतिबंध रखकर वन्य जीव संरक्षण का पूरा ध्यान रखा जायेगा, साथ ही एकता, भाईचारा आपसी प्रेम एवं सौहार्द बनायें रखने का संदेश यह महोत्सव देता है।

## मण्डलायुक्त गौरव दयाल की अध्यक्षता में अयोध्या विजन की समीक्षा बैठक संपन्न

**मरुधर विशेष/संवाददता शिवकुमार मौर्य**

मण्डलायुक्त गौरव दयाल की अध्यक्षता अयोध्या विजन की समीक्षा बैठक आयुक्त सभागार में आहूत की गयी। उन्होंने सर्वप्रथम लोक निर्माण विभाग के प्रांतीय खण्ड के अधिशाषी अभियन्ता एवं अपर जिलाधिकारी प्रशासन श्री अमित सिंह से चौदह कोसी व पंचकोसी परिक्रमा मार्ग के अग्रिम कार्ययोजना यथा-सर्वे कार्य आदि की रूपरेखा के बारे में जानकारी प्राप्त की। उन्होंने कहा कि जिस प्रकार रामपथ में लोक निर्माण विभाग एवं राजस्व विभाग की संयुक्त टीम का चार्ट जारी किया गया था उसी प्रकार चौदह कोसी व पंचकोसी परिक्रमा मार्ग के लिए भी जारी किया जाय तथा चौड़ीकरण से प्रभावित सभी भूस्वामियों का मूल्यांकन युद्वस्तर पर ड्युटी लगाकर किया जाय और प्रत्येक दिन इसकी समीक्षा भी की जाय। रामपथ (सहादतगंज से नयाघाट तक) में जहां पर चौराहे है वहां पर अधिक भूमि की आवश्यकता होगी, जिसके लिए पहले से ही भूमि की उपलब्धता सुनिश्चित कर ली जाय। मण्डलायुक्त ने निमार्णाधीन जन्मभूमि पथ (सुग्रीव किला से रामजन्मभूमि मंदिर) के कार्यो की समीक्षा करते हुये कहा कि युद्वस्तर पर कार्य किये जाने के साथ साथ इसकी गुणवत्ता का भी विशेष ध्यान दिया जाय। बिना स्पेशलिस्ट डिजाइनर के कोई भी पत्थर आदि न लगाया जाय तथा जन्मभूमि पथ एक समान दिखने के लिए पत्थर के पैर्टन आदि के सम्बंध में गहन चर्चा की गयी इसके सम्बन्ध में बैठक में उपस्थित आर्किटेक्ट द्वारा पथ में लगने वाले पत्थरों के पैर्टन आदि के सम्बंध में प्रस्तुतीकरण भी किया गया। अयोध्या विकास प्राधिकरण के द्वारा अयोध्या के विभिन्न मठ मंदिरों आदि में फसाड लाइटिंग आदि की चर्चा की गयी। मण्डलायुक्त ने समीक्षा के दौरान कार्यदायी संस्था, लोक निर्माण विभाग, श्रम धर्मार्थ कार्य, नगर निगम, नगर विकास, जलनिगम, एयरपोर्ट, पावर कार्पोरेशन आदि विभागों की जो अयोध्या विजन से सम्बंधित है की समीक्षा की। बैठक में नगर आयुक्त श्री विशाल सिंह, मुख्य विकास अधिकारी श्रीमती अनिता यादव, अपर जिलाधिकारी प्रशासन श्री अमित सिंह, अपर जिलाधिकारी (एल0ए0) श्री प्रभाकान्त अवस्थी, मुख्य चिकित्सा अधिकारी डा0 अजय राजा, परियोजना निदेशक श्री आर0पी0 सिंह, कार्यदायी संस्थान के प्रमुखगण उपस्थित रहे।

# कामां जिला नही बना तो गॉव ऊंचेडा के ग्रामीण करेंगे मतदान का बहिष्कार

**मरुधर विशेष आमिर खान कामां**

कामां- कामां को जिला बनाने के लिए राजीव गांधी सेवा केंद्र ऊंचेडा में ग्रामीणों ने जैकम खान एवं पंच इस्सर खां के नेतृत्व में राजीव गांधी सेवा केंद्र पर धरना-प्रदर्शन कर कामां को जिला बनाने मांग की ऊंचेडा निवासी जैकम खान ने कहां की राजस्थान सरकार द्वारा नए जिले बनाने के लिए जारी किए गए सभी नियमों को पूरा करने के बाद भी हाई लेवल कमेटी के राम लुभाया द्वारा राजनीतिक दबाव में आकर कामां को जिला बनाने के लिए प्राथमिकता नहीं देना बहुत ही दुर्भाग्यपूर्ण है भौगोलिक दृष्टि से कामां जिला बनने के सभी नियम पूरे करता है यदि सरकार ने कामां को जिला नहीं बनाया तो ऊंचेडा के सभी ग्रामीण सामूहिक रूप से आगामी विधानसभा चुनाव में मतदान का बहिष्कार करने




पर मजबूर होगे जिससे कॉन्ग्रेस को आने वाले समय में खामियाजा भुगतना पड़ेगा क्योंकि मेवात क्षेत्र का मुस्लिम समाज अधिकतर कॉन्ग्रेस के पक्ष में ही मतदान करता है मेवात क्षेत्र में विकास नाम की कोई चीज नहीं है विकास के क्षेत्र में मेवात सबसे अधिक पिछड़ा हुआ इलाका है यहां से चुनकर जाने वाले जन प्रतिनिधि क्षेत्र के विकास को लेकर गंभीर नहीं है क्षेत्र में परिवारवाद की राजनीति को बढ़ावा दिया जा रहा है स्थानीय प्रशासन भी लोगो की समस्याओं के लेकर गंभीर नहीं है थाने तहसीलों में गरीबों की सुनवाई नहीं होती है सरकारी कार्यालयो में भ्रष्टाचार चर्म पर है बिना पैसे के किसी भी विभाग में गरीब का कोई काम नहीं होता है कामां जिला बनने के बाद यहां पर भारतीय प्रशासनिक स्तर के अधिकारी बैठने लगेंगे जिससे लोगों की समस्याओं का समाधान आसान हो जाएगा इसलिए कामां का जिला बनना अति आवश्यक है धरना प्रदर्शन करने वालों में आसंदा,जमील,इदरीस,सल्लू खा,आमीन,ताहिर, दीन मोहम्मद,जाकिर,शिवदत्त शर्मा जगदीश,दीपचंद शर्मा, देवेंद्र सिंह,रोहतास शर्मा काफी संख्या में ग्रामीण मौजूद रहे।

# पृथ्वीराज चौहान वंश के नीमराना के अंतिम शासक राजा राजेंद्र सिंह की 31वीं पुण्यतिथि पर किए श्रद्धासुमन अर्पित

**मरुधर विशेष/ हवासिंह चौधरी**

नीमराणा। कस्बे में ऐतिहासिक रानी की कोठी पर नीमराणा के अंतिम शासक महाराज राजेंद्र सिंह चौहान की 31वीं पुण्यतिथि पर महारानी लक्ष्मी देवी,सुनीता सिंह चौहान,युवराज सिंह,ख्याती सिंह,लक्ष्यराज के मुख्य आतिथ्य में उनके चित्र समक्ष दीप प्रज्जवलित कर पुष्पांजलि अर्पित की गई।कार्यक्रम में विशिष्ठ अतिथि युवराज सिंह,सत्यपाल सिंह सरपंच,सुरेश चौहान,देवीसिंह चौहान,योगेन्द्र सिंह,गुमान सिंह,प्रताप सिंह,अशोक,विकास,महेन्द्र सिंह राजपूत सभा बावल,एडवोकेट मानसिंह चौहान,शिम्बूसिंह चौहान,युवा समाजसेवी कर्मपालसिंह चौहान,सुनील कुमार नवीन कुमार जेवरिया, भूपेंद्र सिंह चौहान रहे।विदित रहे राजा राजेंद्र सिंह का जन्म 4 जनवरी 1921 में नीमराना



महल में हुआ।महाराजा राजेंद्र सिंह कि शिक्षा की शुरूआत देहरादून के कर्नल ब्राउन स्कूल में हुई।महाराज एक समाज सुधारक विचारों के व्यक्ति थे उन्होंने गांव के लोगों में शिक्षा का प्रचार- प्रसार,गांव -गांव ,ढाणी -ढाणी जाकर किया।शिक्षा को बढ़ावा देने के लिए अपने निजी संपत्ति तबेले में प्राथमिक पाठशाला शुरूआत की तो वहीं बालिका शिक्षा को बढ़ावा देने के लिए अपनी मां के नाम पर राजमाता हीर कुंवर कन्या पाठशाला शुरू करवाई जिसे अब कन्या पाठशाला, राजकीय महात्मा गांधी विद्यालय के नाम से जाना जाता है।अप्रैल 1945 से 1948 तक नीमराना रियासत का विलय भारत में देशी रियासतों का एकीकरण के तहत भारत में विलय किया गया।तत्कालीन प्रधानमंत्री पंडित जवाहरलाल नेहरू को अपना खजाना जनता के लिए 642रियासत में पहले राजा राजेंद्र सिंह थे जिन्होंने अपना खजाना जनता के सुपुर्द किया था।युवा नेता रिंकू बड़सीवाल ने बताया कि राजा के पूर्वजों ने जनता के लिए तालाब,कुएं,बावडी ,मंदिर किले आदि का निर्माण सहित अनेक कार्य किए।महिला शिक्षा,बाल विवाह पर जनता को जागरूक किया।इस मौके पर फ्यूचर कोचिंग संस्थान के दिनेश कुमार सैनी पंकज शर्मा, अमन, नितिन, विकाश, भवानी सिंह योगी, नवीन, मुस्कान, सीमा प्रजापत ,अन्य लोग मौजूद रहे।

# महिला कृषक ने किया कृषि के क्षेत्र में नया किर्तिमान

**बांसवाडा ब्यूरो चीफ अरूण जोशी की रिपोर्ट**

सज्जनगढ़ नवली देवी पत्नी शंकर लाल निनामा जो अनपढ़ थी एवं परिवार के नो सदस्यों को पालने की जिम्मेदारी थी क्योंकि दो बालक-बालिकाओं का विवाह कर देने से कर्ज चुकाने का जिम्मा उसी के साथ में अन्य को पढ़ाई से जोडे रखना भी चुनौती थी परन्तु महिला ने हार नहीं मानी गांव भीमाखेडा, ग्राम पंचायत मियासा पंचायत समिति घाटोल की रहने वाली महिला है परन्तु पुरूषो से कम नहीं।
नवली देवी ने बताया की वाग्धरा संस्था से जुड़ने से पूर्व में गाँव में या आस-पास मजदूरी करने जाती थी ओर खेती में हाथ बंटाया करती थी। पानी नहीं होने से सिर्फ बारिश के दिनों में ही फसल बुवाई करते थे, उसके बाद खेत खाली रहते थे, जिसकें कारण घर पर साल भर खाएं उतना अनाज भी नहीं मिल पाता था और 5-6 माह हमें रोजगार के लिए बाहर जाना पड़ता था और सभी मूलभूत आवश्यकताएं बाजार पर ही निर्भर रहती थी जिसके कारण घर चलाना बहुत मुश्किल होता। कभी तो पैसों की अचानक जरूरत पड़ने पर ब्याज से लाना पड़ता क्योंकि पति कई वर्षों से बीमार थे तो उनके इलाज और बच्चों की देखभाल की पूर्ण जिम्मेदारी थी। भगवान ने एक और परीक्षा ली और अचानक से लंबी बीमारी के बाद पति की मौत हो गई। सामाजिक रीति-रिवाजों के अनुसार 4 माह तक घर में ही रहना पड़ा
अब धरा वागधरा संस्था से थीम लीडर माजिद खान के द्वारा बताया की नवली देवी गरीब परिवार से होने के कारण कुछ बड़ा काम करने का जिम्मा तो नही उठा पाईं पर खुद ने और बेटे ने



साथ मिलकर मजदूरी करते हुए कुछ पैसे एकत्रित कर एक भेंस खरीदी ताकि घर के लिए दुग्ध मिल जाये और पशुपालन से खेती के लिए खाद मिल सके और साथ ही अपने खेत पर कुआं खोदने का काम चालू किया था जो थोडा गहरा होने पर पैसों की किल्लत से काम रुक गया था। 2019 में वागधारा संस्था द्वारा गाँव भीमा का खेडा में 20 महिलाओं का समूह बनाया गया जिसमें खेती वाड़ी, बच्चों के पोषण में सुधार व खेती के खर्च कम करके छोटी-छोटी बचत करके आत्मनिर्भर किसान किस तरह का हो उन पर प्रशिक्षण दिया जा रहा था, जिसमें मुझे भी गाँव की ही महिला किसान दरिया देवी के साथ में समूह की बैठक में जाने का मौका मिला जिससे मेरी एक ही बैठक में तकदीर एवं तस्वीर दोनों बदलने की आशा जगी जिसमें अलग-अलग फले/मोहल्ले से कुल 20 महिलाओं का समूह बनाया गया हैं जिसमें मुझे भी सदस्य बनने का मौका ।7 महीने पहले ही मेरे पति की मृत्यु हुईं थी तो समूह की बैठक में मेरे विधवा पेंशन का फार्म भी भर दिया तो मुझे अच्छा लगा और मैं निरतंर बैठक में जाने लगी।
बैठक में निरतंर जाना शुरू किया और बैठक में दिए गये प्रशिक्षण अनुसार घर पर देशी खाद,दशपर्णी दवाई, जीवामृत खाद और वर्मी खाद बनाना और खेत में उपयोग करना शुरू किया । जिससें खेती पर बाजार का जो खर्चा होता था। उसी के साथ कम पानी में पोषण बगियाँ लगाना जिससें सब्जी बाजार से नही लानी पडती उसका खर्च कम हुआ, उसके साथ ही संस्था द्वारा हमारे को अलग अलग प्रकार के देशी बिज भी दिए जिसका उपयोग खेतों में कर साथ ही उनको संरक्षित करके रखा और संस्था द्वारा बताये अनुसार मेरे बेटे के साथ ग्राम सभा में जाकर व्यक्तिगत लाभ के लिए मैंने आवेदन कर नाम लिखवाया जिसमें मेरे द्वारा प्रधानमंत्री आवास और घर पर पिने के लिए पानी दूर से लाना पड़ता था तो हेडपंप का कार्य लिखवाया गया, जिसके परिणाम में हेडपंप मेरे घर के पास में पंचायत द्वारा लगवाया गया और प्रधानमंत्री आवास भी पास हो के आ गया हैं,। उसी के साथ संस्था द्वारा के के एस समर्थित परियोजना में कुआं गहरीकरण का काम वर्ष 2020 में स्वीकृत हुई तो संस्था के सहयोग से मेरे पूर्व में अधुरा पड़ा कुआं जिसमें पानी नही था उसको गहरा करवाया गया जिसमें पानी की आवक अच्छी हुईं तो मैं खेती में जो एक फसल ले पाती थी उसकी जगह अब मैं वर्ष भर तीन फसल ले रही हूँ और साथ ही संस्था के प्रशिक्षण में नर्सरी तैयार करने को लेकर सिखाया तो मैंने प्याज,टमाटर,मिर्च आदि पोधो की नर्सरी तैयार करके उनको स्थानीय बेचना शुरू किया और साथ ही घर में 12 माह के लिए पर्याप्त सब्जी भी प्राप्त होने लगी। संस्था के सहयोग से इन सभी गतिविधियों में सहयोग से मेरी आय में बढ़ोतरी हुई और सिखने को मिला और साथ ही परिवार को अच्छा पोषण और मुझे अब कही मजदूरी करने की जरूरत भी नही पड़ती हैं, क्यों की खेती के खर्च कम हो गये और अच्छी फसल होने लगी व नर्सरी से तैयार पौधे भी बेच रही हूं । अब अपनी बेटियों को पढ़ा रही हूँ और परिवार चला रही हूँ जिससे मेरा परिवार अब आत्मनिर्भर बन पाया है।हम सभी महि समुह की महिलाओं ने शपथ ली है की हम।
जल,जंगल,जमीन और जानवर को संरक्षित रख सकेंगे संस्था के कार्यक्रम प्रबंधक धनराज कुमावत नै बताया गया कि क्षेत्र में समय-समय पर सभी महिलाओं को प्रशिक्षण देकर संस्था के बारे में जो भी कार्यक्रम चलाए जा रहे हैं उनकी जानकारी देकर लाभान्वित किया जा रहा है एवं वहीं पर विधवा पेंशन वृद्धा पेंशन एवं पालनहार की भी जानकारी देकर सहयोग किया जा रहा है । ये जानकारी महेश सोनी ने दी।

# ओबीसी अधिकार मंच राजस्थान ने ओबीसी की समस्याओं को लेकर मुख्यमंत्री को ज्ञापन सौंपा

**बांसवाडा ब्यूरो चीफ अरूण जोशी की रिपोर्ट**

बांसवाड़ा पूर्व विधायक प्रकाश चौधरी के नेतृत्व में ओबीसी की समस्याओं का ज्ञापन मुख्यमंत्री अशोक गहलोत को सौंपा गया। ज्ञापन में बताया गया कि राजस्थान में रीट भर्ती में ओबीसी और एमबीसी को राज्य में 5 प्रतिशत की छूट का प्रावधान हैं लेकिन उक्त छूट से टी एस पी का ओबीसी एमबीसी वर्ग वंचित हैं। उक्त 5 प्रतिशत की छूट टीएसपी के ओबीसी एमबीसी हेतु लागू करवाने की मांग की। ज्ञापन में आगे बताया गया कि राज्य में नौकरियों में ओबीसी को 21 प्रतिशत आरक्षण और एमबीसी को 5 प्रतिशत आरक्षण का



प्रावधान हैं, उक्त आरक्षण से भी टीएसपी का ओबीसी एमबीसी वंचित हैं। राज्य के पंचायती राज के सदस्यों में भी ओबीसी को आरक्षण हैं लेकिन टीएसपी का ओबीसी उससे भी वंचित हैं, उक्त आरक्षण की व्यवस्था टीएसपी के ओबीसी हेतु लागू करने की मांग की। जिला मुख्यालय पर ओबीसी और एमबीसी हेतु छात्रावास की व्यवस्था करने तथा टीएसपी क्षेत्र में कार्यरत नॉन टीएसपी के तृतीय श्रेणी के अध्यापकों का स्थानांतरण उनके गृह जिलों में करके भर्ती में पद बढ़ाने की मांग की। ज्ञापन देने ओबीसी समाज के पूर्व विधायक प्रकाश चौधरी, पूर्व छात्र संघ अध्यक्ष राजा चौधरी ,लोकेश चौधरी, श्याम सुंदर चौधरी, बाबूलाल सुहालका , सूर्य प्रकाश सुहालका, भेरूलाल कलाल, दिनेश पूर्बिया, भंवर पूर्बिया, भेरूलाल पूर्बिया, उमेश चौधरी ,राकेश पूर्बिया, रणजीत पूर्बिया, राधेश्याम चौधरी, अशोक चौधरी, रमेश मालविया सहित ओबीसी समाज के कई गणमान्य समाज सेवी उपस्थित थे। उक्त जानकारी ओबीसी अधिकार मंच राजस्थान के नरेश पूर्बिया ने दी।

## भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चा ने चलाया मिस कॉल जनसंपर्क अभियान

**मरुधर विशेष आमिर खान कामा**

कामां-कामा विधानसभा क्षेत्र में भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चा के जिला अध्यक्ष याकूब खान के नेतृत्व में भारतीय जनता पार्टी भरतपुर राजस्थान द्वारा मिस कॉल नंबर के अंतर्गत विशेष महा जनसंपर्क अभियान चलाया गया



जिसमें अल्पसंख्यक मोर्चा के जिला अध्यक्ष याकूब खान ने गांव ढाना, बझेरा,नदोला,सुनहरा, अकाता, उदाका,सहित अन्य गावों में करीब 500 व्यक्तियों से मिस कॉल जनसंपर्क अभियान चलाया भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चा के जिला अध्यक्ष याकूब खान ने बताया की राजस्थान सरकार के जंगल राज कुशासन के खिलाफ अभियान चलाया जा रहा है विधानसभा क्षेत्र के गांव गांव जाकर लोगों को जागरूक कर मिस कॉल करवा कर अभियान से जोड़ा जा रहा है व मिस कॉल करके राजस्थान मे कुशासन वाली कांग्रेस सरकार को बताया जा रहा है कि राजस्थान में जंगलराज हो रहा है और आने वाले विधानसभा के चुनाव में सन 2023 में भारतीय जनता पार्टी की पूर्ण बहुमत के साथ सरकार बनेगी इसमें अल्पसंख्यक मोर्चा निर्णायक भूमिका निभाएगा। इस मौके पर अल्पसंख्यक मोर्चा के जिला महामंत्री डॉ दीना, अफजल खान सबलाना, आरिफ कमाल धीमरी, सहित अन्य अल्पसंख्यक मोर्चा के कार्यकर्ता मौजूद रहे

## उपखंड अधिकारी कुशलगढ़ ने सरकारी कार्यालयों का निरीक्षण किया अधिकारी/कर्मचारी मिले अनुपस्थित

**बांसवाडा ब्यूरो चीफ अरूण जोशी की रिपोर्ट**

कुशलगढः आज दिनांक 6 जनवरी को कुशलगढ़ उपखंड अधिकारी चंद्रशेखर भंडारी ने उपखंड क्षेत्र के स्थित 4 सरकारी कार्यालयों पंचायत



समिति सीबीईओ कार्यालय सहायक निदेशक कृषि विस्तार एवं महिला एवं बाल विकास विभाग कार्यालयों का औचक निरीक्षण कर हाजरी रजिस्टर चेक कीये। जिसमें पंचायत समिति के नरेगा 9 जेटीए 2 सहायक अकाउंट ऑफीसर एवं सामान्य शाखा में 1 सहायक प्रशासनिक अधिकारी व दो कनिष्ठ सहायक सहित कुल 15 कर्मचारी बिना किसी सूचना के अनुपस्थित पाये। जिस पर उपखंड अधिकारी भंडारी ने नाराजगी जाहिर करते हुए विकास अधिकारी को संबंधित कर्मचारियों को नोटिस जारी करने के निर्देश दिए।वही सहायक निदेशक कृषि विस्तार कार्यालय मैं विगत कई समय से उपस्थिति रजिस्टर संधारित होना नहीं पाया गया। जिस पर उपखंड अधिकारी कार्यालय अध्यक्ष को नोटिस जारी कर आगे से इस तरह की लापरवाही बरतने पर कार्यवाही हेतु आगाह किया।

## तहसील कार्यकारिणी चुनाव संपन्न

**बांसवाडा ब्यूरो चीफ अरूण जोशी की रिपोर्ट**

बांसवाड़ाःआज दिनांक 5 जनवरी 2023 को ईंटेश्वर महादेव मंदिर बागीदौरा पुजारी परिषद जिला बांसवाड़ा के तहसील बागीदौरा में बैठक आयोजित की गई मुख्य अतिथि गौरी शंकर शर्मा ने पुजारी एकता के साथ



साथ तिमाही बैठक का आयोजन करके समस्याओं का समाधान संभव हो सकता है जिला अध्यक्ष नरेंद्र शर्मा ने बताया छफ्ठ में नाम जुड़वाने ऑनलाइन रजिस्ट्रेशन प्रक्रिया के साथ पुजारी समाज का संग्रह निधि पर चर्चा की आरंभ में अतिथियों का स्वागत केशव सेवक एवं कमलनयन दवे ने किया। तत्पश्चात सर्वसम्मति से निर्विरोध चुनाव संपन्न हुए अध्यक्ष पद पर कमलनयन दवे बागीदौरा उपाध्यक्ष भरत सेवक राखो सरक्षक धूलजी बांसला महामंत्री रमेश चौखला संगठन मंत्री दशरथ नोगामा सचिव मोहनलाल पंडारामा सह सचिव रोहित कलिंजरा कोषाध्यक्ष मुकेश सेवक मीडिया प्रभारी निखिल जोशी बागीदौरा और प्रतिक सेवक का मनोनयन किया गया साथ ही सलाहकार समिति सदस्य में मोहन बॉडिगामा आनंद बासला रमेश करजी पंकज छीच देवीलाल शर्मा योगेश रावल बागीदौरा राजेंद्र सेवक बड़ोदिया प्रकाश इटावा दिनेश रखो दिनेश चौखला। इस बैठक में 15 गांव के सेवक पुजारी बंधुओं ने तन मन से भाग लिया। बैठक में कचरू भाई रमण भाई प्रेम शंकर सेवक बागीदौरा रोहित राजेंद्र सेवक बड़ोदिया तुलसीराम , विनोद, मोहन राखो, जयेश भरत इत्यादि उपस्थित रहे संचालन रोहित शर्मा कलिंजरा ने एवं आभार मोहन पिंडारमा ने माना।

## मंदिर परिसर में भामाशाहो ने कमरा बनवाया

**मरुधर विशेष/ हवासिंह चौधरी**




मुंडावर। समीपवर्ती नालपुर शिव मंदिर पहाड़ी पर शंकर लाल यादव की स्मृति में धर्मार्थ की मनसा को लेकर मंदिर परिसर में एक कमरे का निर्माण करवाकर मंदिर संत रामगिरी महाराज को समर्पित किया । भामाशाह सत्य प्रकाश यादव , सुरेश यादव , राजेश यादव नालपुर निवासियों कमरे को बनवाया । इस मौके पर भामाशाह की मदद से मंदिर परिसर में श्रद्धालुओं के लिए पुनीत कार्य किया । इस मौके पर विकास, राहुल ,अभिषेक, लोकेश , रविंद्र, रघुवीर ,लीला राम चौहान, जगमोहन सहित अनेक ग्रामीण मौजूद रहे।

## विभिन्न मांगों को लेकर बेरोजगार विद्यार्थी मित्रों ने मुख्यमंत्री को शोपा ज्ञापन

**मरुधर विशेष उदयपुर संभाग - लिम्बाराम उटेर**

उदयपुर दिनांक 06/ 01/2023 को प्रदेश महासचिव हंस मुख जैन के नेतृत्व में एक प्रतिनिधिमंडल माननीय मुख्यमंत्री महोदय की सर्किट हाउस उदयपुर में जनसुनवाई कार्यक्रम में शामिल हुआ तथा जन सुनवाई में प्रदेश



महासचिव हंस मुख जैन एवं मीडिया प्रभारी भावेश त्रिवेदी के नेतृत्व में 2014 से बेरोजगार विद्यार्थी मित्रों कि पीड़ा गहलोत साहब के समक्ष रखी गहलोत साहब ने बात को सुनकर कहा कि मुझे आपके बारे में पुर्व में जानकारी प्राप्त हो चुकी है और आप अपने अधिनस्थ अधिकारियों को कहा कि इनके मामले को तुरंत देखो ओर जल्दी से मुझे अवगत कराओ , गहलोत साहब ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि बेरोजगार विद्यार्थी मित्रों की समस्या के लिए उचित कार्यवाही करें। इस समय उपस्थित सदस्यों में प्रदेश महासचिव हंस मुख जैन, जिला अध्यक्ष महेंद्र मीना, प्रदेश सचिव पुष्कर वैष्णव, जिला उपाध्यक्ष मांगी लाल मेघवाल,मनिष सोनी, हिम्मत साहु, जिला संयोजक प्रभुलाल मेंघवाल जिला मिडिया प्रभारी भावेश त्रिवेदी व जिला महासचिव मांगीलाल मेघवाल व यशवंत आमेटा आदि उपस्थित रहे।

## बानसूर में टोबैको फ्री अलवर₹ को लेकर एक दिवसीय कार्यशाला आयोजित

**मरुधर हिन्द/ रमाकान्त शर्मा**

बानसूर - शुक्रवार को खण्ड बानसूर मे जिला कलेक्टर डॉ जितेंद्र कुमार सोनी के निदेर्शानुसार ₹टोबैको फ्री अलवर ₹ पंचायत



समिति सभागार बानसूर में उपखंड अधिकारी राहुल सैनी की अध्यक्षता में बीड़ी, सिगरेट और अन्य तंबाकू उत्पादों के प्रभावी रोकथाम और कोटपा एक्ट 2003 अधिनियम के तहत चालान एवं अन्य कानून के बारे में एक दिवसीय खंड स्तरीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। जिसमें डॉ मनोज यादव खंड मुख्य चिकित्सा अधिकारी एवं रामनिवास सुठवाल नायब तहसीलदार , रामजीलाल मीना बीडीओ , हेमराज सिंह एसएचओ, सी एस मीना एईएन, राजेंद्र कुमार मीना एसीबीओ , डॉक्टर प्रवीण नारनोलिया बीवीएचो , डॉ भूरा सिंह एवं ब्लॉक स्तरीय सभी अधिकारी उपस्थित रहे। मीटिंग के दौरान निम्न बातों पर चर्चा की गई

1. प्रत्येक सरकारी कार्यालय में आमजन को तंबाकू से होने वाले नुकसान और तंबाकू मुक्त का साइन बोर्ड लगाने के बारे में चर्चा की गई ।
2. 40 दिवसीय( टोबैको फ्री अलवर )अभियान के अंतर्गत की जाने वाली गतिविधियों के बारे में बताते हुए कोटपा एक्ट की विस्तार से जानकारी दें ।
3. मुख्यमंत्री चिरंजीव स्वास्थ्य बीमा योजना एवं आयुष्मान कार्ड के बारे में विस्तृत जानकारी दी गई।
4. ब्लॉक स्तर पर 26/01/23 से शुरू होने जा रहे शहरी ओलंपिक खेलों के बारे में आवश्यक दिशा निर्देश दिए गए।

## एपीजे अब्दुल कलाम व्यक्तित्व विकास गतिविधियों में दो छात्राओ का चयन

**मरुधर विशेष/भूपेन्द्र सिंह पँवार**



अराई,-अराई के नजदीकी पंचायत दादिया के राजकीय बालिका उच्च माध्यमिक विद्यालय दादिया से कक्षा 10 परीक्षा उत्तीण वर्ष 2022 के मेरिटोरियस छात्राए सोनू जाट एवं सोनू खर्रा का एपीजे अब्दुल कलाम व्यक्तित्व विकास गतिविधियों में चयन होने से छात्राओ के लिए दिनांक 05.01.2023 से 14.01.2013 तक 10 दिवसीय अंतर्राज्यीय भ्रमण का आयोजन प्रस्तावित किया गया। जिसमे स्थानीय विद्यालय के संस्था प्रधान रामकिशन जाट बालिका को शुभकामनाएं देते हुए गौरवान्वित महसूस कर बधाई दी। संस्था प्रधान के निर्देश मे स्थानीय प्रभारी योगेश्वर मरमट एव छात्राओं के परिवारजन कैलाश जी पुनिया एव पन्नालाल जाट के द्वारा बालिकाओ को रिपोर्टिंग स्थान रा बा उ मा वि पुरानी मण्डी अजमेर पहुंचाया गया।जहां से बालिकाएं भ्रमण के लिए रवाना होगी।

## रेबारियों की ढाणी में बाड़े में आग लगने से 10 ट्रोली चारा जलकर हुआ राख

**मरुधर विशेष/भूपेन्द्र सिंह पँवार**



अराई, अराई के निकटतम गांव छोटा लाम्बा में रेबारीयो की ढाणी में सुगना जाट के बाड़े में लगी आग, सूचना मिलने पर तहसीलदार हनुमान प्रसाद व अराई पुलिस दल पहुंचे मौके पर,सूचना मिलने पर आग बुझाने गई दमकल रास्ते में उपखंड कार्यालय अराई के बाहर खराब हुई।दमकल खराब होने की सूचना के साथ ही लोगों में निराशा देखने को मिली।तभी ग्रामीणों ने दूसरी दमकल का इंतजार न करते हुए अपने स्तर पर आग बुझाने के प्रयास कर आग पर पाया काबू !

## एक भारत श्रेष्ठ भारत के अंतर्गत फूड मेला और म्यूजिक फेस्टिवल का आयोजन

सीआईएसएफ आठवीं आरक्षित वाहिनी आमेर जयपुर मे दिनांक 06/01/22 को एक भारत श्रेष्ठ भारत के अंतर्गत फूड मेला और म्यूजिक फेस्टिवल का आयोजन किया गया मेले का विधिवत उद्धघाटन श्रीमती मिनाक्षी संरक्षिका अध्यक्षा एवं श्रीमती ज्योति सिंह अध्यक्षा सीआरपीएफ 83 बटालियन महिला वेलफेयर एसोसिएशन के कर कमलो द्वारा किया गया इस मोके पर वाहिनी के कमांडेंट/बटालियन कमांडर श्री आशीष कुमार, श्री प्रवीण कुमार सिंह कमांडेट सीआरपीएफ 83 बटालियन, कमांडेंट पंकज कुमार , सीएमओ पवन कुमार धाकड़,उप कमांडेंट विजय कुमार, राकेश कुमार सुरेश चौधरी,सहायक कमांडेंट आजाद सिंह, सिवचरण सिंह,83 बटालियन सीआरपीएफ के सहायक कमांडेंट विनोद कुमार,श्रीराम,एवं बीरबल,के वी -07 के प्रिंसिपल आर एन मीणा महात्मा गाँधी सी से स्कूल के प्रिंसिपल डॉ ओमप्रकाश शर्मा सहित वाहिनी के अधिकारी,जवान ओर पारिवारिक सदस्य उपस्थित रहे,सभी ने मेले लगे फूड स्टाल से खाने का आनंद लिया कई तरह के गेम खेले ओर अपना भाग्य अजमाया ,बच्चों ने मिकी माउस, झूला,ओर चकरी,के साथ हाथी,ऊंट ओर घोड़े की सवारी का आनंद लिया बच्चों ने डांस फ्लोर पर खुब डांस किया, ओर कटपुतली का आनंद लिया अंत मे श्रीमती मीनाक्षी अध्यक्षा संरक्षिका ने सभी अथितियों,मीडिया कर्मियों ओर वाहिनी के बल सदस्यों ओर उनके परिवार जनों को मेले मे आने ओर इस आयोजन को सफल बनाने के लिए धन्यवाद दिया



## कस्बे के गणेश पर पौषबडा महोत्सव हर्षोल्लास से मनाया



**मरूधर विशेष / दिनेश लेखी**

कठूमर। कस्बे के मुख्य बाजार स्थित गणेश मंदिर पर शुक्रवार को गणेश मंदिर कमेटी और संयुक्त व्यापार महासंघ द्वारा पौषबडा महोत्सव हर्षोल्लास से किया गया। मंदिर कमेटी के डा.रामस्वरूप दुरेजा ने बताया पौषबडा महोत्सव के तहत कस्बे के गणेश मंदिर पर सामुहिक पूजा अर्चना के साथ गणेश जी महाराज और शिव परिवार को पौषबडा और गाजर के हलुआ और पकोडे का पंडित अशोक भारद्वाज ने भावपूर्ण भोग लगाया गया। फिर सम्पूर्ण कस्बे के भक्तो को प्रसादी वितरण किया गया। तथा प्रसाद पाने के लिए कस्बे के लोगों का जनसैलाब उमड़ पड़ा लोगों ने बढ़-चढ़कर प्रसाद वितरण में हिस्सा लिया। इस मौके पर कठूमर सरपंच शेरसिहं मीना,भाजपा मंडल अध्यक्ष सुनील बजाज, समाजसेवी गुल्लू दुरेजा, दीपक अग्रवाल, मनोज ठाकुरिया, विष्णु चौधरी रेला, अंकुश खंडेलवाल, अनिल कूलवाल,सतीश पंसारी,राकेश खंडेलवाल, सौमेश्वर चौधरी, सोनू खंडेलवाल,सचिन अग्रवाल,उमेश खंडेलवाल, अंशु जैन, दिलीप जैन, सुमित सोनी मौजूद रहे।

## कठूमर ब्लॉक के हुल्याना में बैंक योजनाओं की दी जानकारी

**मरूधर विशेष/ दिनेश लेखी**

कठूमर। टिकरी पंचायत हुलियाना गांव में क्रिसल फाउंडेशन के द्वारा वित्तीय साक्षरता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें मिनिमाइज प्रोग्राम के बारे फील्ड ऑफिसर प्रिया चौधरी के द्वारा जानकारी दी गई जिसमें बताया की अलवर जिले के 6 ब्लॉकों में भारतीय रिजर्व बैंक क्रिसल फाउंडेशन के द्वारा सीएफएल प्रोग्राम चलाया जा रहा है। जैसे कठूमर ब्लॉक,लक्ष्मणगढ़, रैणी इन तीनों ब्लॉकों में वित्तीय साक्षरता को बढ़ावा दिया जा रहा है। वही प्रिया चौधरी ने बैंक योजनाओं के बारे में विस्तार से जानकारी में बताया जैसे प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा योजना, प्रधानमंत्री मंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना, सुकन्या समृद्धि योजना ,अटल पेंशन योजना ,फिरोड से बचने के तरीके आदि योजनाओं के बारे में बताया। कार्यक्रम में पधारे सभी लोगों का अभिवादन किया और इस कार्यक्रम में 500-600 ग्रामीण लोगों ने भाग लिया।जिसमें सतीश चौधरी,सतो,दिनेश सरपंच तुसारी, सतेन्द्र चौधरी,वार्डपंच ?उपस्थित रहे।

# तिजारा बी. एस. एन. एल कार्यालय में हाई स्पीड इन्टरनेट सेवा का उद्धाटन हुआ

**मरुधर विशेष राकेश सैनी**

तिजारा कस्बा के भारत संचार निगम लिमिटेड कार्यालय मे अलवर के महाप्रबन्धक ज्ञान चंद मीना द्वारा तिजारा ब्लॉक की सभी ग्राम पंचायतो को हाई स्पीड इन्टरनेट सेवा से जोड़ने कि कड़ी में प्रथम ओएलटी का उद्धाटन किया गया` महाप्रबन्धक ज्ञान चंद मीना ने बताया कि जनवरी माह में तिजारा ब्लॉक की सभी 46 ग्राम पंचायतो को हाई स्पीड इन्टरनेट सेवा से जोड़ दिया जायेगा । ब्लॉक को रोल मॉडल ब्लॉक के रूप में चुना गया है। जिले में सर्वप्रथम तिजारा ब्लॉक के अंतर्गत आने वाले तीन ब्लॉक भिवाड़ी, टपूकड़ा एवं तिजारा को हाई स्पीड इन्टरनेट सेवा से जोड़ा जायेगा `बीएसएनएल हाई स्पीड इन्टरनेट सेवा के माध्यम से अलवर जिले की ग्राम पंचायतों में रहने वाले ग्रामीण अब घर बैठे टीवी पर खेती बाड़ी की जानकारी



ले सकेंगे और बच्चे भी ऑनलाइन शिक्षा लेकर आगे बढ़ सकेंगे इस सुविधा का लाभ लेने के लिए यदि ग्रामीण बीएसएनएल के ओएलटी पर 30 या उससे ज्यादा कनेक्शन लेते हैं तो उन्हें सरकार की ओर से सब्सिडी भी दी जाएगी। एक ओएलटी पर कम से कम 30 कनेक्शन लेना जरूरी होगा। इससे भी ज्यादा कनेक्शन लिए जा सकते हैं। ओएलटी से कनेक्शन लेने वाले ग्राहकों को मॉडेम खरीदने हेतु सब्सिडी दी जाएगी` कनेक्शन लेने के बाद टीवी वीडियो कॉल, ओटीटी प्लेटफॉर्म की सुविधा मिलेगी। वाईफाई लगने से एक ही परिवार के चार से पांच सदस्यों का इन्टरनेट का खर्चा भी बचेगा` बीएसएनएल की ओर से प्रत्येक ग्राम पंचायत पर पांच कनेक्शन सरकारी कार्यालय में दिए जाएंगे। इस कार्यक्रम में रूपबास सरपंच फतेह मोहम्मद, रबड़ खान बुरान सरपंच उमर मोहम्मद उमर मोहम्मद इरफान खान रूपबास, जोजाका, पालपुर, भिन्डूसी, सरहेटा एवं मलियर जट के सरपंचों के साथ भारत संचार निगम लिमिटेड अलवर के सहायक महाप्रबन्धक लोकेन्द्र गुप्ता, उप मंडल अधिकारी इस्माइल खान, एवं कनिष्ठ संचार अधिकारी मनोज कुमार, सुरेश चौधरी तिजारा ब्लॉक के चैनल पार्टनर मयुरेश, सोमानी एवं गौरव चौधरी प्रीतम सैनी असलूप खान उपस्थित थे।

# बडौदा राजस्थान क्षेत्रीय ग्रामीण बैंक एवं स्माइल फाउंडेशन द्वारा कंबल एवं राशन सामग्री की वितरण

**मरुधर विशेष/विजय सिंह**

खैरथल । बडौदा राजस्थान क्षेत्रीय ग्रामीण बैंक एवं स्माइल फाउंडेशन द्वारा आपसी सहयोग से अपना घर महिला आश्रम वैशाली नगर अलवर में गर्म ऊनी कंबल व राशन सामग्री वितरण की गई । स्माईल फाउंडेशन ग्रुप के सदस्य एवं बडौदा राजस्थान क्षेत्रीय ग्रामीण बैंक, क्षेत्रीय कार्यालय अलवर के निरीक्षण विभाग के विभागाध्यक्ष आशीष मीणा ने बताया कि वर्तमान महा में हाड़ गला देने वाली ठंड को देखते हुए बडौदा राजस्थान क्षेत्रीय ग्रामीण बैंक एवं स्माइल फाउंडेशन के स्माइल फाउंडेशन के सदस्यों आशीष सेठी, लक्ष्मी नारायण सैनी, ऋषभ कुमार,धर्मेंद्र मीणा,विक्रम गुर्जर,सतीश मीणा,मानवेंद्र,अमित शर्मा,नितेश खंडेलवाल,शुभम सैन,मुकेश चौधरी, सतीश शर्मा,धरम सिंह,सजजन यादव,सुनील,मोहन मीणा,जगमोहन यादव, शेर सिंह,




सोहन सिंह, लवकेश,डेडराज सोनी,महेंद्र सिंह,हेमंत गोयल,अंकुर शर्मा,सौरव सोलंकी,दीपक श्रीवास्तव,राजकुमार अग्रवाल,भूपेंद्र दिवाकर,निककी राम,सुनील जाट,जस्सू सिंह आदि केद्वारा आपसी सहयोग से गुरुवार को अपना घर महिला आश्रम वैशाली नगर अलवर में रहने वाली बेबस लाचार महिलाओं को गर्म ऊनी कंबल एवं राशन सामग्री का वितरण किया गया जिसमें 50 किलो दाल, 100 किलो आटा, 50 किलो चीनी, 30 कंबल और 47 कंबल कवर प्रदान किए गए । इसके अतिरिक्त 30 कंबल का वितरण अन्य स्थानों पर भी किया गया,साथ ही साथ सामान्य महिला चिकित्सालय अलवर में 200 मरीजो को फल वितरण भी किया गया है । मीणा ने बताया कि इस महिला आश्रम में वर्तमान में 83 महिलाएं हैं और इस आश्रम में वही महिलाएं रहती है जो मानसिक रूप से विक्षिप्त तथा मंद बुद्धि या अंग विहीन है उन्हें उनके घर वाले छोड़ देते हैं । पूर्व में यहां 94 महिलाएं थी जिनमें से 11 महिलाओं को उन्होंने स्वस्थ कर के घर भेज दिया है।बडौदा राजस्थान क्षेत्रीय ग्रामीण बैंक एवं स्माइल फाउंडेशन द्वारा निस्वार्थ भाव से आपसी सहयोग से हजारों रुपए इकट्ठा कर इस आश्रम में रहने वाली महिलाओं की मदद की जा रही है। मीणा ने यह भी बताया कि स्माइल फाउंडेशन ग्रुप के सदस्य पिछले दो साल से लगातार निःस्वार्थ भाव से गरीब बेसहारा जरूरतमंद परिवारों की मदद करता आ रहा है और आगे भी इसी तरह करता रहेगा।

# किसान पंचायत का आयोजन, केन्द्र व बीज गोदाम के लिए भूमि आंवटन की मांग

**मरुधर विशेष/भूपेन्द्र सिंह पँवार**

अराई, 5 जनवरी। किसान महापंचायत की बैठक का आयोजन जिलाध्यक्ष बालूराम भीचर की अध्यक्षता में ग्राम सहकारी समिति परिसर में हुआ। बैठक में किसानों की समस्याओं पर चर्चा कर निस्तारण करवाने के लिए जिला कलक्टर के नाम तहसीलदार को ज्ञापन सौंपा गया। ज्ञापन में किसानों की उपज खरीद के लिए उपखण्ड़ मुख्यालय अराई में ही खरीद केन्द्र व बीज गोदाम के लिए भूमि आवंटन की मांग की गई है। किसान पंचायत को संबोधित करते हुए जिलाध्यक्ष भीचर ने कहा कि उपखण्ड मुख्यालय पर क्रय विक्रय सहकारी समिति लि. को अराई क्षेत्र के किसानों से खरीफ व रबी सीजन में उपज की सरकारी खरीद के लिए भूमि उपलब्ध नहीं है। जमीन के अभाव में किसानों को उपज बेचान के लिए किशनगढ कृषि मंडी में जाना पड़ता है। जो किसान कृषि मण्डी तक नहीं जा पाते उन्हे औने-पौने दामों में बिचौलियों को उपच बेचनी पडती है। उन्होंने बताया कि अराई में केन्द्रीय खरीद एजेन्सी नेफैड व राज्य खरीद



एजेंसी राजफैड का सरकारी तुलाई कांटा आवंटित है। लेकिन दुर्भाग्यवश अराई केवीएसएस कार्यालय परिसर में जगह कम होने की वजह से तुलाई नहीं हो पाती है। इससे मजबूरत समिति अस्थाई रूप से काटा लगाकर तुलाई करवाती है मगर कई कारणों से व्यवस्था बिगड़ने पर मजबूरन केन्द्र पर तुलाई बंद करनी पडती है। किसानों ने बताया कि अराई कस्बे में तुलाई केन्द्र तथा 500 मिट्रिक क्षमता का गोदाम बनाने एवं प्लेटफार्म व टिनशेड आदि का निर्माण के लिए करीब 5-6 बीघा जमीन की आवश्यकता है। इसके लिए अराई क्रय-विक्रय सहकारी समिति लिमिटेड को अराई कस्बे में भूमि निःशुल्क आवंटन की जाए। किसानों ने जिला कलक्टर के नाम तहसीलदार को ज्ञापन सौंपकर बताया कि मांगपत्र को चेतावनी पत्र समझकर किसानों के हित में समिति को निःशुल्क भूमि आंवटन की जाए। ताकि आगामी रबी सीजन में स्थानीय स्तर पर चना व सरसों की तुलाई हो सके। किसानों ने प्रशासन को चेताते हुए बताया कि किसान चुप नहीं बैठेंगे हर हाल में उपज को अराई कस्बे में ही समर्थन मूल्य पर तुलाई की जायेगी। भूमि आंवटन नहीं होने की स्थिती में किसानों के फसल उपज से भरे वाहन उपखण्ड कार्यालय परसिर में खड़े किए जायेंगे। इस अवसर पर मुख्य अतिथि रामपाल जाट अध्यक्ष किसान महापंचायत का स्वागत किया गया।वहाँ पर प्रहलाद जाट दोथली भारतीय किसान संघ तहसील अध्यक्ष, कन्हैया लाल माली जीएसएस अराई अध्यक्ष, उमराव गोरेली किसान नेता, रामगोपाल चौधरी, सुमेर बाज्या, हरदीन घासल कटसूरा, हरिराम रियाड, कानाराम नेतड, महिपाल पटेल, सुगना खोखर, नारायण चौधरी, रामदेव गोरा, रामेश्वर चौधरी, उमराव चुरण्या, हनुमान बिजारणिया, जतन चौधरी ने विचार व्यक्त किए। इस अवसर पर तहसीलदार प्रतिनिधि गिरदावर रामेश्वर जाट को किसान पंचायत स्थल पर ज्ञापन सौंपा गया। किसान पंचायत में अराई, कटसूरा, भामोलाव, भोगादीत, सांदोलिया, कालानाडा, दादिया, लाम्बा, आकोडिया, झीरोता, गोठियाना, देवपुरी सहित उपखड क्षेत्र की पंचायतों के किसानों ने बडी संख्या में भाग लिया।

# स्कोर्पियो कार से 456 किलोग्राम अवैध अफीम डोडाचुरा जब्त

**मरूधर विशेष/रवि कुमार व्यास**

चित्तौड़गढ़। पुलिस थाना राशमी द्वारा मादक पदार्थो की तस्करी करने वालों के खिलाफ कार्यवाही करते हुए गुरुवार रात्रि को गश्त के दौरान एक स्कोर्पियो कार से 4 क्विन्टल 56 किलोग्राम अवैध अफीम डोडाचुरा जब्त किया है। स्कोर्पियो कार से डोडाचूरा के साथ 12 बोर राईफल के 7 जिन्दा कारतुस व 1 एण्ड्रोयड मोबाईल भी जब्त किया है। आरोपी पुलिस पर फायर करते हुए कार व डोडाचूरा को छोड़कर कर भाग गए।पुलिस अधीक्षक श्री राजन दुष्यन्त ने बताया कि वृताधिकारी कपासन श्रीमती गीता चौधरी एएसपी के नेतृत्व में पुलिस थाना राशमी के द्वारा उंचा गॉव में अवैध मादक पदार्थ की तस्करी के खिलाफ बडी कार्यवाही की गई है। एएसआई चांदमल थाना राशमी के पुलिस जाब्ता कानि संजय, रामलाल व राकेश कुमार सरकारी वाहन तथा हैडकानि जगदीश चन्द्र पुलिस जाब्ता



कानि रामचन्द्र, प्रितम, रविन्द्र व मनोज के साथ थाना क्षेत्र में गश्त एवं अवैध गतिविधियों की धरपकड हेतु थाने से रवाना हो चौकी पहुना से कानि रामसिंह को साथ ले उंचा गांव में बनास नदी पुलिया से आगे उंचा गॉव की तरफ पहुंचे। जहां एक सफेद रंग की स्कार्पियो आती हुई दिखाई दी। जिसको पुलिस ने रोकने का ईशारा किया। स्कार्पियो चालक ने अपनी गाडी को एक बार तेज गति से पीछे लिया व वापस आगे लाकर घुमाने लगा तो पीछे वाले पुलिस जाब्ता के वाहन को जान से मारने की नियत से टक्कर मार दी। जिससे वाहन में बैठे जाब्ता हैडकानि जगदीश चन्द्र, कानि रामचन्द्र व रामसिंह के चोट आई है।स्कार्पियों गाडी में चालक के पास वाली सीट पर बैठे व्यक्ति ने बन्दुक की नाल बाहर निकालकर गाडी पर फायर किया जो पुलिस जाब्ता गाडी के उपर से होकर निकल गया। स्कार्पियो गाडी का चालक व पास में बैठा व्यक्ति दोनो स्कार्पियो से उतरकर फायर कर हथियार को साथ लेकर स्कार्पियो को मौके पर छोडकर भागे। जिनका कानि प्रितम व मनोज द्वारा पीछा किया गया मगर उक्त दोनो व्यक्ति अंधेरे का फायदा उठाकर खेतों की तरफ भाग गये। स्कार्पियो कार की नियमानुसार तलाशी ली गई तो स्कार्पियो कार मे कुल 24 कटटो मे अवैध डोडा चुरा भरा हुआ पाया गया, जिसका वजन 4 क्विंटल 56 किलोग्राम हुआ व स्कार्पियो गाडी में मिले 12 बोर राईफल के 7 कारतुस मय कारतुसी बैल्ट व एक मोबाईल को जब्त किया गया। राशमी थाना बदमाशों के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट व हत्या का प्रयास सहित व अवैध हथियार रखने का प्रकरण दर्ज कर अग्रिम अनुसंधान किया जा रहा है।

## विकास की प्रक्रिया को जारी रखा जायेगा-पीसीसी सदस्य व्यास

मरुधर विशेष फलोदी। फलोदी उपखंड मुख्यालय पर वार्ड नंबर 16 की पार्षद श्रीमती रेखा सूर्यप्रकाश थानवी के नेतृत्व में वार्ड के नागरिकों ने कांग्रेस नेता महेश व्यास के पीसीसी सदस्य मनोनीत होने एवं वार्ड नंबर 16 में विकास के उल्लेखनीय कार्य करवाने पर नगर पालिका अध्यक्ष पन्नालाल व्यास पहलवान का साफा एवं माला पहनाकर नागरिक अभिनंदन किया। इस अवसर पर विचार व्यक्त करते हुये पीसीसी सदस्य महेश व्यास ने कहा कि राज्य सरकार एवं नगर पालिका बोर्ड फलोदी क्षेत्र के सवार्गीण विकास के लिये प्रतिबद्ध है, आपने कहा कि सभी वार्डो में मूलभूत सुविधाओं को लेकर विकास कार्य करवाये गये है। विकास की यह प्रक्रिया निरंतर जारी रहेगी। इस अवसर पर विचार व्यक्त करते हुये पुष्करणा समाज फलोदी के नवनिर्वाचित अध्यक्ष नरेश व्यास ने कहा कि आगामी दिनों में समाज की नवीन कार्यकारिणी का गठन किया जायेगा तथा फलोदी में समाज की बालिकाओं के लिये कोचिंग सेंटर तथा जोधपुर में एम्स के आसपास समाज भवन बनाने पर कार्य किया जायेगा। इस अवसर पर वरिष्ठ पार्षद दीनदायल जोशी, अशोक व्यास, धीरज व्यास, मुकेश माली, हरिभा व्यास, अशोक थानवी, भूरा व्यास, केदारनाथ, शिवदयाल, दिनेश व्यास, मधुसूदन, देवनारायण, जगदीश थानवी, जीतू व्यास, मुकेश थानवी, मुकेश बोहरा जितेंद्र, सुनील थानवी, माणकलाल, ओम व्यास, रामस्वरूप, मनोज व्यास, नवीन, रविन्द्र व्यास, दिलीप शर्मा, पुखराज गंढेर एवं प्रदीप गुचिया आदि उपस्थित रहे। अंत में सूर्यप्रकाश थानवी ने आभार व्यक्त किया।



## विप्र फाउंडेशन महिला प्रकोष्ठ बांसवाड़ा की बैठक श्रीनाथ टेकरी मोहन कॉलोनी में संपन्न हुई

**बांसवाडा ब्यूरो चीफ अरूण जोशी की रिपोर्ट**


बांसवाड़ाः विप्र फाउंडेशन महिला प्रकोष्ठ की जिला अध्यक्ष डा.कीर्ति आचार्य की अध्यक्षता में आयोजित बैठक में मुख्य अतिथि विप्र फाउंडेशन महिला प्रकोष्ठ की प्रदेश पदाधिकारी कृष्णा गृहस्थी, और विशिष्ठ अतिथि रंजना पुरोहित थे।26जनवरी को मंदारेश्वर महादेव मंदिर पर आयोजित सामूहिक यज्ञोपवीत एवम युवक युवती परिचय सम्मेलन में महिला प्रतिनिधियों की उपस्थिति सुनिश्चित करने हेतु जनसंपर्क तेज करने का निश्चय किया।इस अवसर पर समस्त महिला प्रतिनिधियों ने जल्द ही शहर की समस्त महिला भजन मंडलियों को एकत्र कर एक विशाल भजन कार्यक्रम का निर्णय लिया गया।इस अवसर पर संचालन महिला प्रकोष्ठ की प्रदेश सचिव ममता जोशी ने किया, आभार जिला उपाध्यक्ष राधा जोशी ने किया,स्वागत बरखा जोशी ,रीना मेहता ने किया।इस अवसर पर संध्या पंड्या , सपना व्यास, रश्मि जोशी, निशा जोशी, रेणुबाला भट्ट, संतोष म्यावत आदि ने अपने सुझाव और विचार रखे।इस अवसर पर डॉ कीर्ति आचार्य ने कहा कि गरबा प्रतियोगिता और गणेश भजन प्रतियोगिता में पहले पांच स्थान प्राप्त करने वाली मातृशक्ति को प्रशस्ति पत्र दे कर 26 जनवरी बसंत पंचमी के दिन सम्मानित किए जाएंगे।



## युवक की फालिस मरने से हुई मौत,प्रशासन ने कराई जांच एक सप्ताह से चल रहा इलाज

**मरुधर विशेष/ संवाददाता शिवकुमार मौर्य**

अमेठी। जिले की तहसील अमेठी के गांव पूरे मोती राम भरेथा के सुरेश कुमार को एक सप्ताह पहले फालिस मार दिया था। जिन्हे मालिक मोहम्मद जायसी संयुक्त जिला चिकित्सालय असैदापुर मे भर्ती करवा गया। पच्चास वर्षीय युवक सुरेश कुमार पुत्र राम दुलारे को इलाज के बारी बारी से तीन बार फालिस की चपेट मे आये। चिकित्साधिकारी ने बेहतर इलाज किए। गुरुवार को आखिर फालिस के दौरान सुरेश कुमार को चिकित्सक बचा नही पाये। और मौत हो गई। समाजसेवी डा एस पी पाल ने अधिकारियो से शिकायत की। कि सुरेश कुमार की ठण्ड से मौत हो गई। और ट्यूटर पर टियूट कर मामले को गर्म किया। लेकिन तहसीलदार वृज मोहन ने मामले की जांच हल्का लेखपाल से करवायी। तो मृतक के बेटे प्रदीप कुमार ने बताया कि मेरे पिता सुरेश कुमार की मौत फालिस से हुई है। और पोस्ट मार्टम करवाने से इन्कार किया। मृतक की पत्नी कलावती ने बताया कि मेरे पति बीमार थे। जिनका उपचार करवा। लेकिन उपचार के जिला अस्पताल असैदापुर गौरीगंज मे मौत हो गई। मैने कोई शिकायत नही की। ना उससे कोई लेना देना है। मेरी गृहस्थी उजड गयी।



## कठूमर उपखड की प्रसिद्ध खेड़ली कृषि उपज मंडी से दो दुकानों की सरसों चोरी

**मरूधर विशेष/ दिनेश लेखी**

कठूमर। खेड़ली कस्बे की कृषि उपज मंडी में दो दुकानों की सरसों हुई चोरी जिसके कारण व्यापारियों में रोष व्याप्त है। कस्बे के मंडी यार्ड में बुधवार रात्रि अज्ञात चोरों ने दुकान नंबर 103 और 102 के बाहर फड़ों पर रखी सरसों व ढैंचा की बोरियों को चोरी कर ले गए। इस दौरान चोर पहले चोरी की बोरियों को मंडी चारदीवारी के पास ले गए। जहां लकड़ी की सीढ़ियों की सहायता से माल को बाउंड्री से निकाल ले गए। व्यापारियों ने बताया कि इससे पूर्व भी चोरों द्वारा कई व्यापारियों के माल की इसी तरह चोरी की है। मंडी में चौकीदारी व्यवस्था होते हुए चोरी होने पर व्यापारियों ने रोष जताया है। मामले में चौकीदार ठेकेदार राजेश शर्मा द्वारा खेड़ली थाने में रिपोर्ट पेश की है।




## 10 हजार रुपए का ईनामिया गिरफ्तार जनपद अमेठी में अपराध एवं अपराधियों के धर पकड़ हेतु चलाये जा रहे अभियान के क्रम में

**मरुधर विशेष/संवाददाता शिवकुमार मौर्य**

आज दिनांक 05.01.2023 को प्रभारी निरीक्षक शिवाकान्त पाण्डेय थाना मुंशीगंज मय हमराह द्वारा तलाश वांछित व देखभाल क्षेत्र, चेकिंग संदिग्ध व्यक्ति, वस्तु, वाहन के दौरान मुखबिर की सूचना पर मु0अ0सं0 258/21 409 भादवि थाना मुंशीगंज में वांछित व ईनामिया अभियुक्त दिनेश कुमार यादव पुत्र धर्मराज यादव नि0 पलहीपुर हसनपुर थाना कोतवाली सुल्तानपुर जनपद सुल्तानपुर को परितोष तिराहे के पास से समय करीब 20:45 बजे रात्रि में गिरफ्तार किया गया । गिरफ्तार अभियुक्त मुकदमा उपरोक्त में वांछित व 10-10 हजार रुपए का ईनामिया अभियुक्त है । थाना मुंशीगंज द्वारा विधिक कार्यवाही की जा रही है।



## युवा भाजपा नेता शिव प्रताप सिंह पलाड़ा ने किया गावो का दौरा

**मरुधर विशेष/भूपेन्द्र सिंह पँवार**

अराई,उपखंड के ग्राम भामोलाव के आकस्मिक दोरे के दौरान युवा नेता शिव प्रताप सिंह पलाड़ा के आगमन पर भामोलाव सरपंच प्रतिनिधि शिवराज बागड़ी व सभी ग्राम वासियों ने बड़े हर्ष और उल्लास स्वागत किया जिसके बाद युवा नेता ने सभी ग्रामवासियों के दुख दर्द एवं समस्याओं से रूबरू हुए उन्हें बताया गया कि हमारे यहां प्रधानमंत्री आवास योजना के अंतर्गत आवास की किस्तों का भुगतान समय पर नहीं हो पा रहा है जिसके कारण हमें कई कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है जिसके अंतर्गत हमें युवा नेता ने सभी को आश्वस्त किया की आपका संपूर्ण पेमेंट जल्द से जल्द करवाया जाएगा एवं भविष्य में ऐसी समस्या नहीं आए ऐसा आश्वासन दिया ।इसलिए ऐसे प्रयास किये जाएगे जिससे चहेती जनता को इंतजार ना करना पड़े। इसी के साथ युवा नेता पलाडा ने अन्य समस्याओं का निराकरण जल्द से जल्द पूरा किया जायेगा।




Marudharhind24 news Private Limited के लिए महारानी प्रिन्टर्स 17 वैष्णोदेवी नगर कालवाड़ रोड़ जयपुर से मुद्रित, एवं जीवन सिंह पुरा शामदा अलवर से प्रकाशित। मो.99281-68697, 7014373732, 90797 24256